


## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः**

# चैत्र नवरात्र की अष्टमी-रामनवमी के संयोग पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, घरों में हुआ हवन-पूजन, मंदिरों में हुआ रामायण पाठ



रसूलपुर स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर में हवन-पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार



गुलरियागार्दा स्थित बड़ी माता मंदिर में दर्शन करते भक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र की अष्टमी और रामनवमी के पावन संयोग पर गुरुवार को जिले भर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष दुर्गाष्टमी और रामनवमी का शुभ संयोग एक ही दिन पड़ने से पर्व का महत्व और बढ़ गया।

सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भक्तों ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर मां दुर्गा की आराधना की। घरों और मंदिरों में कन्या पूजन का विशेष आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने छोटी कन्याओं को मां का स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया और उपहार भेंट किए। मंदिरों में रामचरित मानस का पाठ भी किया गया। शहर के गुलरियागार्दा स्थित बड़ी माता मंदिर, रसूलपुर का छोटी माता मंदिर, दूधेश्वर महादेव मंदिर, सत्यप्रेमीनगर स्थित संतोषी माता मंदिर, पूर्वी देवी मंदिर, मुड़कटी देवी मंदिर सहित ज्वाला देवी और नैना देवी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्त माता रानी के जयकारे लगाते हुए दर्शन के लिए घंटों कतारों में खड़े रहे। मंदिरों में महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर माहौल को और भक्तिमय बना दिया। मां महागौरी को चुनरी अर्पित की गई और देवी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया। शहर के कई मंदिरों में देवी मां की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिसकी छटा देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने पहले घरों में हवन-पूजन करने के बाद मंदिरों में जाकर माता रानी के दर्शन किए और बाद में कन्या भोज का आयोजन कर परंपराओं का श्रद्धा के साथ निर्वहन किया। पंडित नित्यानंद बाजपेई ने बताया कि रामचरितमानस के बालखण्ड में वर्णन मिलता है कि, भगवान राम का जन्म चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अभिजीत मुहूर्त यानी दोपहर के समय हुआ था। यही कारण है कि राम नवमी मनाने के लिए मध्याह्न काल को देखा जाता है, जोकि गुरुवार को पड़ी। इसलिए गुरुवार को ही राम जन्मोत्सव मनाया जाना उत्तम था। हालांकि कई लोग उदयातिथि को मान्यता देते हैं। ऐसे में वे शुक्रवार को राम नवमी का पर्व मनाएंगे।

## राम जन्म प्रसंग सुन भक्त भाव-विभोर

**मसौली, बाराबंकी :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक उमेश महाराज ने भगवान श्रीराम जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि अयोध्या के रघुकुलशिरोमणि राजा दशरथ की तीन रानियां कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा थीं, लेकिन संतान न होने के कारण राजा चिंतित रहते थे। गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया गया, जिसके फलस्वरूप अग्निदेव द्वारा प्रदत्त खीर को रानियों में बांटा गया और समय आने पर चारों पुत्रों भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। कथा वाचक ने बताया कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी तिथि के पावन अभिजित मुहूर्त में भगवान श्रीराम का अवतार हुआ, जिससे समस्त लोकों में आनंद की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा, श्रवण कुमार कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, सुनील चौहान, देधराज यादव, काशीराम वर्मा, मास्टर सुरजन यादव, अरुण कुमार नाग, नरेंद्र चौहान, दिलीप कुमार वर्मा, लल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

# साईं महोत्सवः निकाली पालकी यात्रा

संवाददाता मसौली, बाराबंकी



पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ग्राम अमदहा स्थित श्री शिरडी सांई बाबा मंदिर में चल रहे साईं महोत्सव के दूसरे दिन भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। दाता सांई कुटी से शुरू हुई पालकी यात्रा देर शाम श्री शिरडी साईं धाम अमदहा पहुँची, जिसमें हजारों साईं भक्त बाबा का गुणगान करते हुए शामिल हुए। यात्रा में मसौली, कोटवा, अमदहा, बड़ागांव, मेंढिया सहित अन्य गांवों की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। भक्तों ने डीजे की धुन पर ओम साईं राम, शिरडी वाले बाबा ने बुलाया है, कंधा लगाकर बोलो जय साईं नाथ जैसे भजनों के साथ थिरकते हुए उत्सव का आनंद लिया। यात्रा के दौरान अबीर और गुलाल से फूलों की होली भी खेली गई। इस मौके पर साईं लल्लन वर्मा, श्यामा चरण गुप्ता, संजय मौर्य, गुड्डू मौर्या, संतोष मौर्या, मुन्ना मौर्या, नीरज मौर्या, बलजीत सिंह, कपिल मौर्य, आशु मौर्य सहित तमाम साईं भक्त मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था मसौली पुलिस ने सुनिश्चित की। श्री शिरडी सांई बाबा मंदिर समिति के कार्यक्रम आयोजक गुड्डू मौर्या ने बताया कि शुक्रवार को राम नवमी के अवसर पर दोपहर 12 बजे साईं बाबा का अभिषेक एवं आरती, 3 बजे से दिव्य साईं भंडारा और शाम 7 बजे साईं भजन संध्या एवं पीलीभीत के कलाकारों द्वारा झांकियों की भव्य प्रस्तुति होगी।

## दहेज की खातिर विवाहिता से मारपीट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता रानी बानो के अनुसार उसका निकाह 9 अप्रैल 2025 को करौंदी कला निवासी मोवहीद के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर ताने दिए जाने लगे। पहले कार की मांग की गई, जिसे किसी तरह पूरा कर दिया गया। इसके बाद भी पति और ससुराल वाले बुलेट मोटरसाइकिल और अन्य सामान की मांग पर अड़े रहे। 16 मार्च को पति, सास और ससुर ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। सूचना पर अगले दिन मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पीड़िता को घर से निकालते हुए धमकी दी कि जब तक दहेज की मांग पूरी न हो, वापस न आए।

## दादी जानकी के तपस्वी जीवन को किया याद



श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारीज़ बाराबंकी द्वारा पूर्व मुख्य प्रशासिकाओं राजयोगिनी दादी जानकी एवं राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पुण्यतिथि पर दिव्य शक्ति भवन सेवाकेंद्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी अनुराधा दीदी ने दादी जानकी के तपस्वी जीवन, अद्भुत मानसिक शक्ति और राजयोग के वैश्विक प्रसार में उनके योगदान को स्मरण किया। दादी हृदयमोहिनी के स्नेहपूर्ण व्यक्तित्व एवं संगठन को सशक्त नेतृत्व देने में उनकी भूमिका को भी याद किया गया। राजयोग ध्यान का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित लोगों ने शांति का अनुभव करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में करीब 150 लोग उपस्थित रहे।

## जिलामंत्री बनने पर रक्षा मंत्री से लिया आशीर्वाद



रक्षा मंत्री से मुलाकात करते गुरदीप सिंह सिद्धू। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा बाराबंकी की जिला कार्यसमिति में नवनियुक्त जिला मंत्री गुरदीप सिंह सिद्धू ने गुरुवार को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद दिल्ली पहुंचकर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व. सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' के छोटे पुत्र गुरदीप ने रक्षा मंत्री को पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी की जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने गुरदीप सिंह सिद्धू को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जागरण में रात भर गूंजे भक्ति गीत



मंच से प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी :** रामशरणदास भगवतदास हनुमान मंदिर में बीती रात मां भगवती का भव्य जागरण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की ज्योति प्रज्वलित कर की गई जिसमें यजमान मोहित हिंदू व उनकी पत्नी सोनिका का पूजन पुजारी बाबा रामलाल दास एवं अभय प्रताप मिश्रा ने विधि-विधान से कराया। जागरण में जेएमडी जागरण म्यूजिकल ग्रुप, बाराबंकी के कलाकारों ने मां दुर्गा के भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। लखनऊ के गायक आकाश साई ने गणेश वंदना प्रस्तुत की, जबकि सीतापुर की गायिका सोनी शर्मा ने "प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी" सहित कई भजन गाए। बाराबंकी के गायक शिव मास्टर ने भी भक्ति गीतों से समां बांधा। कानपुर से आए शौरभ अलबेला व अन्य कलाकारों ने गणेश, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, सुदामा चरित्र, राम दरबार, बाहुबली हनुमान व काली माता सहित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अंत में पुजारी रामलाल दास ने मां भगवती की आरती कर हलुआ-चना का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर डॉ. विवेक कुमार वर्मा, राहुल ठाकुर, सोनू जैन, मनोज यादव, पंकज नाग, कैलाश नाग, लवकुश यादव, ऋषभ गुप्ता, ओमनाग, अनिल सैनी, घनश्याम वाल्मीकि, प्रेमनंद वर्मा, देवी शंकर आदि मौजूद रहे।



सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

## सम्राट अशोक के संदेश आज भी प्रासंगिक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सपा जिला कार्यालय पर गुरुवार को सम्राट अशोक महान मौर्य की जयंती के मौके पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अध्यक्षता की। उन्होंने कहा सम्राट अशोक ने युद्ध की जगह शांति, घृणा की जगह प्रेम और विभेद की जगह एकता का संदेश दिया। जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान मौर्य ने कहा सम्राट अशोक ने युद्ध त्यागकर प्रजा के विकास और देश के उत्थान के लिए काम किया। कार्यक्रम में हिमांशु यादव, जितेंद्र पटेल, राजेश वर्मा, यशवंत सिंह यादव, कामता प्रसाद यादव, सुरेश चंद्र गौतम, नसीम कीर्ति, समीम चौधरी, सिराज उस्मानी, पूनम यादव, रजनी यादव, अजीत सिंह यादव, आशीष सिंह आर्यन, मोहम्मद उबेद शानू, परशुराम यादव, विनय कुमार यादव, सुरेश चंद्र यादव, सान सिद्दीकी, संतोष रावत, जयसी राम यादव, मोहम्मद आफाक, मोहम्मद मेराज, पवन वर्मा एवं राजकुमार वर्मा आदि ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म, अफरा-तफरी



पेट्रोल पंपों पर मची अफरा-तफरी। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी:** क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाह फैलते ही गुरुवार को हालात अचानक बिगड़ गए। विभिन्न पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे कई स्थानों पर ईंधन की अस्थायी कमी और अफरातफरी का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, अवध पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल पूरी तरह समाप्त हो गया। वहीं उदय पेट्रोल पंप पर डीजल खत्म हो जाने के कारण केवल पेट्रोल ही उपलब्ध रहा, जिसे भी अधिकतम 500 रुपये तक सीमित कर दिया गया। दूसरी ओर श्री महादेवा फीलिंग स्टेशन पर आपूर्ति जारी रहने से वहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी और लंबी कतारें लग गईं। रिलायंस पेट्रोल पंप पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था लागू करनी पड़ी। यहां बाइक सवारों को केवल 100 रुपये और कार चालकों को 500 रुपये तक ही पेट्रोल दिया गया, जबकि ट्रकों के लिए 50 लीटर की सीमा तय की गई। अचानक बढ़ी मांग के चलते कई जगह मशीनें भी बंद करनी पड़ीं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि ईंधन की वास्तविक कमी नहीं है, लेकिन बाजार में फैली अफवाह के कारण लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन लेने पहुंच रहे हैं, जिससे अस्थायी संकट जैसी स्थिति बन गई है। इधर प्रशासन द्वारा कुछ स्थानों पर कैन में पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगाए जाने से किसानों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।



जांच करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

## स्टॉक रजिस्टर न दिखाने पर नोटिस जारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने गुरुवार को जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं मेसर्स कृष्णा खाद भण्डार, महादेव प्रसाद एण्ड सन्स, श्याम एजेन्सी, माता प्रसाद भूरामल, गुप्ता फर्टिलाइजर्स, गुप्ता ब्रदर्स, संजू एजेन्सी, राधेश्याम पवन कुमार और अग्रवाल इण्टरप्राइजेज के गोदामों का निरीक्षण कर उर्वरक स्टॉक का सत्यापन किया। इस दौरान गुप्ता ब्रदर्स, महादेव प्रसाद एण्ड सन्स तथा माता प्रसाद भूरामल एण्ड सन्स द्वारा स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत न किए जाने पर नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में जिन गोदामों पर गैर अनुदानित स्टॉक मिला, उन्हें सख्त निर्देश दिए गए कि अनुदानित उर्वरकों के साथ इसकी बिक्री न की जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। वहीं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक देशराज ने तहसील रामनगर में पांच फुटकर व एक थोक गोदाम का निरीक्षण किया। किसान खाद भण्डार बिन्दौरा की पीओएस मशीन खराब मिलने पर उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए, जबकि विकास खाद भण्डार रानीबाजार और मोहन खाद भण्डार ददौरा बंद मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि जांच में पीओएस मशीन और भौतिक स्टॉक में अंतर पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



गुरुवार को दुकानें बंद करके इकट्ठा हुए व्यापारी। अमृत विचार

## ताबड़तोड़ छापेमारी से गल्ला मंडी में हड़कंप, बंद रहीं दुकानें

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गल्ला मंडी में खाद्य एवं औषधि टीम की छापेमारी से व्यापारी भड़के हुए हैं। गुरुवार को दुकानें बंद कर व्यापारी एडीएम से मिले और अपनी बात रखी। बताते चलें कि बुधवार को खाद्य एवं औषधि एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीमों ने गल्ला मंडी पहुंचकर दुकानों की जांच शुरु की। बुधवार को टीम ने वस्तुओं की जांच की और साबूदाना, कुट्टू आटा, छुआरा और किशमिश समेत कुल पांच नमूने भरे तो व्यापारी असमंजस में पड़ गए। इस बीच कई दुकानों के शटर गिराकर व्यापारियों के गायब होने का सिलसिला भी शुरू हो गया। टीम का कहना है कि यह अन्य जगहों पर होने वाली जांच की तरह ही यह एक प्रक्रिया है ताकि मिलावटी या दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। व्यापारियों को इस तरह की कार्रवाई में विभाग का सहयोग करना चाहिये, जिससे आम लोगों तक बेहतक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जा सके। उधर व्यापारी नेता प्रदीप जैन, राजीव गुप्ता बब्बी, रविनन खजांची व संजय निगम समेत अन्य व्यापारी गुरुवार को एडीएम से मिले और छापेमारी का विरोध जताया। एडीएम ने व्यापारियों से दुकानें खोलने की अपील करते हुए जांच की बात कहा।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**मसौली, बाराबंकी :** गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नेवला चौराहे पर निहारिका पब्लिक स्कूल में शुरू होने वाली सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा निहारिका पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर मसौली चौराहे स्थित कल्याणी नदी तक पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने जल भरकर हनुमान मंदिर होते हुए पुनः कथा स्थल तक यात्रा पूरी की। कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए महिला-पुरुष डीजे की धुन पर भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद महमूदाबाद (सीतापुर) से आए आचार्य महेंद्र मृदुल महाराज एवं कुलदीप मृदुलांश महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना कराई। इस अवसर पर यजमान राघवेंद्र वर्मा व उनकी पत्नी संतोष कुमारी ने पूजा संपन्न कराई। कथावाचक आचार्य महेंद्र मृदुल ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में कलश को सभी देवताओं का प्रतीक माना जाता है।

## अनबन और मुकदमेबाजी से तंग आकर पति ने लगाई फांसी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** पत्नी से विवाद और मुकदमेबाजी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार शाम निकले युवक का शव जीआईसी के निकट खेत में पेड़ से लटा मिला। इस घटना से परिवार में रोना पिटना मच गया। वहीं पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 26 वर्षीय दुर्गेश कुमार पुत्र राजकुमार निवासी थाना व कस्बा बदोसरांय के रूप में हुई। उसका शव घर से करीब 5 सौ मीटर दूर सोहनलाल के बाग में रस्सी के सहारे एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। बुधवार को दुर्गेश घर से निकल गया था। दुर्गेश की शादी करीब चार साल पहले दयारामपुर गांव की एक युवती से हुई थी। दोनों के मध्य अनबन के बाद पत्नी ने दुर्गेश के खिलाफ गुजारा भत्ता का मुकदमा भी दायर कर दिया जो न्यायालय में विचाराधीन है। परिजनों की मानें तो युवक अपनी पत्नी से चल रहे विवाद और मुकदमे के कारण काफी परेशान रहता था। इनके कोई संतान नहीं थी और उसकी पत्नी अपने मायके में रहती है। मृतक के पिता राजकुमार ने बताया कि दुर्गेश एक दिन पूर्व शाम को कहीं चला गया, वह काफी देर तक घर वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान उसका शव पेड़ से लटका हुआ मिला।

## गोहत्या प्रकरण में मास्टरमाइंड समेत छह दोषियों को भेजा गया जेल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली थाना क्षेत्र में नौ दिन पहले दो गोवंशियों की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस तरह मुठभेड़ में धरे गए एक शातिर समेत कुल छह लोग दबोचे जा चुके हैं। बताते चलें कि गत 16 मार्च की रात में थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी राकेश यादव की दो गायों के अवशेष दूसरे दिन खेत में पड़े मिले थे। स्पष्ट हो गया कि इनकी निर्मम हत्या की गई थी। लापरवाही बरतने पर एसपी ने हल्का दरोगा व एक सिपाही को निलंबित भी कर दिया था। पशुपालक राकेश यादव की तहरीर पर मामला दर्ज करने के बाद कार्रवाई का दबाव पड़ते ही सक्रिय हुई पुलिस ने एक शख्स को दबोच लिया। वहीं घटना के मास्टरमाइंड उस्मान उर्फ कलेजी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पुलिस बाकी साथियों की तलाश में ही थी कि गुरुवार को गौवध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में सगे भाई अनीश उर्फ कालिया, अब्दुल हसीम उर्फ बौनिया पुत्र हजारी निवासी ग्राम जमालपुर, सलमान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मझुआ बनकट मजरे धरौली थाना मसौली, गुलाम शाकिर उर्फ सलमान पुत्र मो0 अख्तर निवासी बूचड़ मोहाल सदर थाना कैन्ट लखनऊ को नर्सरी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अजय त्रिपाठी ने बताया कि कुल छह अभियुक्त जेल भेजे जा चुके हैं।

## एक हाईवे पर तीन हादसे, एक मरा व चार जख्मी

**मसौली, रामनगर :** गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर 24 घंटे के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मसौली थाना क्षेत्र के शहाबपुर गांव के पास पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उदयराज पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम मौथरी थाना जैदपुर के रूप में हुई। इसी थाना क्षेत्र में इंदौर से गोण्डा जा रही एक पिकअप बिंदौरा गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक समेत आगे बैठे तीन लोग वाहन में बुरी तरह फंस गए। गोण्डा निवासी सब्जी व्यापारी अकील इंदौर से भिंडी लादकर पिकअप से लौट रहे थे। घायलों में पिकअप चालक पवन पुत्र गंगाराम, अशोक पुत्र आशाराम निवासी इंदौर और सावन पुत्र मिशाद निवासी बड़ागांव शामिल हैं। वहीं, रामनगर क्षेत्र में भी एक अन्य सड़क हादसा हुआ। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के रिछली गांव निवासी राजेश कुमार अपनी बाइक से लौट रहे थे। केसरीपुर-महादेवा मार्ग पर ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही कार से उनकी भिड़ंत हो गई।

## बस रोककर हमला, कंडक्टर-चालक को धमकी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में सवारी बैठाने के विवाद ने रास्ते में हिंसक रूप ले लिया। अयोध्या-लखनऊ रूट पर चलने वाली बस को रोककर कार सवार लोगों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया, जिससे बस का अगला शीशा टूट गया। चालक और कंडक्टर को जान से मारने की धमकी देकर हमलावर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार अयोध्या जनपद के थाना गोसाईगंज क्षेत्र निवासी मनोज कुमार, जो निजी बस पर कंडक्टर हैं, अपने चालक तलविंदर सिंह के साथ रोज की तरह अयोध्या से लखनऊ सवारी लेकर जा रहे थे। बुधवार को सहादतगंज, अयोध्या में सवारी बैठाने के दौरान उनकी कहासुनी एक ट्रैवलर्स के चालक और कंडक्टर से हो गई। बताया गया कि उसी विवाद के चलते रास्ते में कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोटवा सड़क के पास एक अर्टिगा कार पर सवार कुछ लोगों ने बस को जबरन रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए बस पर ईंट-पत्थर बरसाए, जिससे आगे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद आरोपियों ने चालक और कंडक्टर को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल टॉवर से आठ बैटरियां चोरी

**बनीकोडर, बाराबंकी :** कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र में मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी कर ली गईं। परमानन्द पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम दतौली थाना जहांगीराबाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक टावर कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। 21 मार्च की रात ग्राम अकोहरी में लगे टावर से नेक्सचार्ज कंपनी की तीन लिथियम बैटरियां चोरी हो गईं। टावर पर अलार्म सिस्टम था और न ही सीसीटीवी कैमरा। इसके अलावा, पास में स्थित रिलायंस जियो के टावर से भी एक्सीकॉम कंपनी की पांच बैटरियां चोरी होने की बात सामने आई है। इस टावर का तकनीकी कार्य अजय सिंह निवासी उकरा थाना अकबरपुर अंबेडकरनगर देखते हैं।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, जांच शुरू

**सफदरगंज, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में घर में घुसकर पड़ोस के युवक ने अकेली महिला से छेड़छाड़ की। लोगों के आने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 24 मार्च की शाम करीब 7 बजे घर पर अकेली थीं, तभी पड़ोस का रहने वाला जीशान पुत्र निजामुद्दीन नाई जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने महिला के कपड़े फाड़ दिए और बाल नोचते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर उसकी सास और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### मारपीट की घटनाओं में छह लोग घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट और धमकी के मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहला मामला थाना देवा क्षेत्र के ग्राम कुसुम्भा का है, जहां रामसरन ने बताया कि 24 मार्च की रात पड़ोस का युवक शराब के नशे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर लेकर उनके दरवाजे से निकला। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई पत्नी और भाई को भी पीटा गया। दूसरा मामला थाना कुर्सी क्षेत्र के ग्राम जबरी खुर्द का है। यहां मो. सहनवाज ने आरोप लगाया कि 24 मार्च की शाम वह अपने भाइयों के साथ जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर किसी तरह पीड़ितों की जान बच सकी।

# मंदिरों में हुआ हवन-पूजन व कन्याभोज, जयकारों से गूंजीं शक्तिपीठें

## नवरात्र की अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने विधि-विधान से की मां महागौरी की पूजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



माता के यज्ञ में आहुतियां देते भक्त।



कन्याभोज में कन्याओं को दी गई फलों की टोकरी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्र की अष्टमी पर शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने मां दुर्गा के मां महागौरी स्वरूप का विधिविधान से पूजन किया। सुबह से ही मंदिरों में हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारों का दौर चलता रहा। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

शहर के सिद्धपीठ कल्याणी देवी मंदिर, पूर्णा देवी धाम मंदिर व बड़े हनुमान मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर में तड़के से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल, चुनरी व फल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह विशेष आरती के बाद हवन शुरू हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर देवी गीतों व भजन-कीर्तन से समां बांध दिया। मां कल्याणी देवी सेवा समिति की ओर से मंदिर परिसर में भव्य भंडारे व कन्याभोज का आयोजन हुआ। समिति के सदस्यों ने बताया कि कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनके पैर पखारे गए और उन्हें भोजन कराकर दान-दक्षिणा दी गई। यह सिलसिला देरशाम तक चलता रहा। ग्रामीण इलाकों में भी महाष्टमी की धूम रही। बिछिया ब्लॉक के बरिगवां स्थित मां जालिपा देवी मंदिर में भक्तों ने माथा टेका। यहां के पुजारी व पुरोहितों ने सामूहिक हवन कराया। परंपरा के अनुसार, छोटी कन्याओं को पूजकर उन्हें उपहार भेंट किए गए। श्रद्धालुओं ने दुर्गा चालीसा और सप्तशती का पाठ किया।

### रामजन्म के अवसर पर हुआ कन्याभोज व भंडारा

नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला नेहरू में रामलीला मैदान स्थिति राम जानकी मंदिर में गुरुवार को भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मना। मंदिर में विराजमान राम जानकी, लक्ष्मण व हनुमान जी की मूर्तियों को दुग्ध व पंचामृत से शुद्धोदक स्नान कराया गया। भगवान का पूजन व आरती के बाद मंदिर परिसर में कन्याभोज आयोजित हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। राम जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में शाम को संगीतमई सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। शुभम मिश्रा के संचालन में उन्नाव से आई श्रीराम मानसमंडल मंडली द्वारा किए गए संगीतमई सुंदरकांड पाठ सुन श्रद्धालुओं ने भक्ति सागर में डुबकी लगाई। सुंदरकांड पाठ के बाद फिर से प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान सभासद राधेश्याम वाजपेई, रवि शंकर बाजपेई, राजकुमार बाजपेई, कैलाश नाथ बाजपेई, छुन्ना बाजपेई, मनीष बाजपेई, विवेक पांडे, लल्लन बाजपेई, विनीत बाजपेई, राधेश्याम पंडित जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दो अप्रैल से सजेगा चैतवर मेला, दीपों की रोशनी से जगमगाएगा नगर

नवाबगंज में चैतवर मेला इस वर्ष 2 अप्रैल (पूर्णिमा) से शुरू हो रहा है। दशकों पुरानी इस परंपरा को जीवंत बनाने के लिए मेला क्षेत्र में दुकानें, झूलों व सजावट का काम अंतिम चरण में है। इस मेले की सबसे अनूठी परंपरा दो ज्योतियों का मिलन है। प्राचीन दुर्गा मंदिर व कुशहरी मंदिर से निकलने वाली भव्य ज्योतियां जब नगर भ्रमण के बाद एक निश्चित स्थान पर मिलती हैं तो वह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए रोमांच व श्रद्धा का केंद्र बन जाता है। शाम 4 बजे दुर्गा मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में निकलने वाली इस शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट व विभिन्न झांकियां शामिल होंगी। मेला कमेटी ने इस बार एक विशेष पहल की है जिसके तहत कस्बे के हर घर तक मिट्टी के दीपक पहुंचाए जाएंगे। जैसे ही मां की ज्योति नगर की गलियों में प्रवेश करेगी पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी से जगमग हो उठेगा। श्रद्धालु अपने द्वारों पर पुष्प वर्षा कर मां का अभिनंदन करेंगे। चैतवर मेला कमेटी ने व्यापारियों के हित में निर्णय लिया है कि मेले में आने वाले दुकानदारों से कोई वसूली नहीं की जाएगी। साथ ही उन्हें 5 दिन निशुल्क बिजली व पानी की सुविधा दी जाएगी। कमेटी संस्थापक स्व. पूरन दीक्षित का सपना था कि मेला केवल परंपरा न रहे बल्कि एक भव्य उत्सव बने। खजुरिया व पक्के तालाब पर स्नान व सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। बच्चों के लिए आधुनिक झूले व घरेलू सामान की दुकानें सज रही हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मुख्य मार्गों पर चूने का छिड़काव व पेयजल के लिए जगह-जगह प्याऊ लगाए गए हैं। रात्रि ठहराव के भी इंतजाम किए गए हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले मेलार्थियों को असुविधा न हो।

### दुर्गेश्वर मंदिर से आज निकलेगी श्रीराम शोभायात्रा

बांगरमऊ में नानामऊ रोड स्थित बाबा दुर्गेश्वर मंदिर में रामनवमी शोभा यात्रा समिति की ओर से रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु और समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा और भगवान श्रीराम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। समिति के सदस्यों ने बताया कि आज दोपहर 1 बजे बाबा दुर्गेश्वर मंदिर से श्री राम शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों और मार्गों से होते हुए भगवान राम के जयकारे के साथ आगे बढ़ेगी। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत करेंगे। समिति के अनुसार शोभायात्रा का समापन नगर के श्री राजराजेश्वरी माता मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ किया जाएगा।

### 51 बालिकाओं को दी गई चुनरी व फल की टोकरी

**उन्नाव:** चैत्र नवरात्र पर महिलाओं व बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत गुरुवार को 'कन्या पूजन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिकन्दरपुर सरोसी की 51 बालिकाओं का पूजन करते हुए फलों की टोकरी व चुनरी भेंटकर कन्याभोज का आयोजन किया गया। साथ ही बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन व आत्मनिर्भर बनने के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर व महिला कल्याण विभाग की सभी योजनाओं के साथ विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसमें सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार, विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी अवधेश कुमार, कस्तूरबा गांधी वार्डन नीलम मिश्र व शिक्षिका मिथलेश आर्या, सरिता गौतम, मीरा प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### अष्टमी पर मां महागौरी के दर्शन को उमड़ी भीड़, मंदिरों में गूंजे जयकारे



दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिये उमड़ी भक्तों की भीड़।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन के लिए नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से देररात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर से ही भक्तों की कतारें लग गईं और दिनभर पूजन-अर्चन चलता रहा। मंदिर परिसर में बज रहे भक्ति गीतों व भजनों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। मां महागौरी के दर्शन के लिए मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालु हाथों में पूजा की थाल लेकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। पट खुलते ही दर्शन के लिए होड़ मच गई। पंडित विनोद पांडे ने बताया कि विधिविधान से मां महागौरी की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया और मां का आशीर्वाद लिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किए। वहीं कई जगह जागरण भी हुआ। जहां श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग का सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी का सोमा गौरी मंदिर, गांधीनगर का काली मंदिर, पोनी रोड झंडेश्वर मंदिर, बिंदानगर दुर्गा मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ व गंगा विशुनघाट सहित सभी प्रमुख देवी मंदिरों में भी भीड़ रही। मंदिरों के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर खरीदारी होती रही। अष्टमी पर शाम को दुर्गा मंदिरों में हवन-पूजन हुआ। जिसमें लोक कल्याण की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने आहुति दी। देर रात तक भक्तों का दर्शन-पूजन जारी रहा।

### श्रद्धालुओं ने निकाला जवारा, भक्ति में डूबा नगर

**शुक्लागंज उन्नाव :** चैत्र नवरात्र पर गुरुवार शाम पोनी रोड से श्रद्धालुओं ने भव्य जवारा जुलूस निकाला। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी जुलूस के साथ मौजूद रही। जवारा यात्रा में श्रद्धालु सिर पर जवारा रखकर चल रहे थे। वहीं पंडा हाथों में खप्पर व बाना लिए नजर आए। ढोल-ताशों व मांदर की थाप पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए नगर की सड़कों से गुजरते रहे। जिससे आकर्षक दृश्य देखने को मिला। जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ मंदिर पहुंचा। जहां विधिविधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना हुई। इसके बाद श्रद्धालु गंगातट पहुंचे। मान्यता है कि मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु जवारा बोते हैं और 9 दिनों तक पूजा कर नवमी के दिन उनका विसर्जन करते हैं।

### शोभायात्रा में शामिल राम-सीता, शिव व हनुमान की झांकियों ने मोहा मन



शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**सफीपुर, उन्नाव :** रामनवमी पर नगर के दुर्गा मंदिर से श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों भक्तों ने जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा कस्बे के दुर्गा मंदिर से शुरू होकर गुलाब बिल्डिंग, रहतगंज बाजार, बाकरगंज, ब्राह्मण टोला, नाना राव पेशवा मार्ग होते हुए शंकरी देवी मंदिर के बाद दुर्गा मंदिर में संपन्न हुई। चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई के बेटै देवाक बाजपेई देवा के संयोजन में निकाली गई यात्रा का नेतृत्व भिनकीपुर धाम के स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने किया। इसमें जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा, जय मिश्रा, रामनरेश सिंह, राकेश तिवारी लल्ला, कंचन गुप्ता, सुरेन्द्र कुशवाहा, इन्नू लोधी, गोल्डी सेंगर, राजेश सिंह, चेतन त्रिवेदी, अन्नू मौर्या, राजू सिंह चौहान, विनोद मिश्रा, सोनू श्रीवास्तव, विशाल, सरोज मिश्रा, विशाल तिवारी, मिथलेश मिश्रा आदि ने भाग लिया। यात्रा में श्रीराम सीता, शिव व हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा, सीओ सोनम सिंह, एसओ एसएन त्रिपाठी फोर्स के साथ शामिल रहे। नगर पंचायत ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### वृद्धा की मौत के बाद इमरजेंसी में आपस में भिड़े परिजन

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के बंधुहार मोहल्ला निवासी शशिकला सिंह (76) पत्नी सत्यनारायण की अचानक शुक्रवार शाम हालत बिगड़ गई। बेटा योगेंद्र उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाया जहां ईएमओ डॉ. आशीष सक्सेना ने उसे मृत घोषित कर दिया। तभी पीछे से अन्य परिजन पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा हंगामा करने लगे। उनमें हाथापाई शुरू हुई तो हंगामा मच गया। किसी तरह सुरक्षा गार्डों ने उन्हें समझाकर अलग कराया। हंगामा देख डॉक्टर ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजकर अस्पताल चौकी को इसकी सूचना दी। वहीं चर्चा रही कि परिजनों में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है।

### नीम के पेड़ में लटका मिला अधेड़ का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के अवस्थी खेड़ा गांव निवासी कमल साहू (48) पुत्र स्व. सत्य नारायण अकरमपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। गुरुवार को वह घर पर था। दोपहर करीब 1 बजे वह घर से बिना बताए निकला था। करीब 3 बजे उसका शव नायलॉन की रस्सी से पड़ोसी गांव दयाल खेड़ा के बाहर एक मुर्गी फार्म के पास नीम के पेड़ पर लटका देख लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। मगरवारा चौकी पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा है। पति की मौत से पत्नी रीता, बेटा सरस, बेटी सलोनी व काजल बेहाल हैं। चर्चा है कि पारिवारिक विवाद में युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है।

# गैस किल्लत से 'चाय की चुस्की' महंगी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



इंडियन गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़।

**अमृत विचार:** जिले में घरेलू व कामर्शियल गैस सिलिंडरों की किल्लत ने आम जनजीवन व व्यापारिक गतिविधियों को पटरी से उतार दिया है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों को खाली हाथ मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

वहीं, कामर्शियल सिलिंडरों की अनुपलब्धता ने छोटे होटल व रेहड़ी-पटरी संचालकों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। मजबूरी में दुकानदार कोयले या लकड़ी की भट्ठी जलाकर काम चला रहे हैं। इससे न केवल काम करने में देरी हो रही है बल्कि लागत बढ़ने से खाद्य पदार्थों के दामों में भी उछाल आया है। सिलिंडर की मारामारी का सीधा असर आमजन की जेब पर पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में 10 रुपये में मिल रही चाय अब 15 रुपये तक बिकने लगी है। अन्य खाने-पीने की चीजों के दाम भी बढ़ गए हैं। जिससे बाजारों में ग्राहकों की संख्या पर भी असर पड़ रहा है। गांधीनगर तिराहा स्थित दुकानदार राजू ने कहा कि लागत बढ़ने व सिलिंडर न मिलने से व्यापार अब घाटे का सौदा साबित हो रहा है। व्यापारियों ने कहा कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो हमें अपनी दुकानें बंद करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

● **कारोबार ठप होने की कगार पर पहुंचा, व्यापारी परेशान**

# लाखों के 294 किलो मादक पदार्थ जलाकर किया नष्ट

**उन्नाव, अमृत विचार :** ऑपरेशन दहन के तहत जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चले अभियान में विभिन्न स्थानों से पुलिस ने गांजा, चरस व स्मैक बरामद किया था। इनसे संबंधित मुकदमों के निस्तारित होने पर ड्रग डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में 294 किलो से अधिक मादक पदार्थ जलाकर नष्ट किया गया। बता दें कि मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े 161 अभियोग कोर्ट से निस्तारित हो गए थे। इसके बाद इनसे संबंधित बरामद 294.420 किग्रा मादक पदार्थों को नष्ट करने के आदेश कोर्ट ने दिए थे। इस पर एसएसपी जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर एएसपी दीपक यादव व ड्रग डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री के इन्सिनरेटर प्लांट में 294.420 किलो मादक पदार्थों को सुरक्षित रूप से जलाकर नष्ट किया गया। एसएसपी ने साफ किया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

### मादक पदार्थ तस्कर को मिली सजा

हसनगंज कोतवाली पुलिस ने 15 अगस्त-2020 ने काले उर्फ मो. इरशाद को 1.350 किलो मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था। उस पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर जेल भेजा गया था। आईओ नरेंद्र द्विवेदी ने साक्ष्य एकत्र कर 28 अगस्त-2020 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने काले को दोषी ठहराते हुए 2 माह की सजा सुनाई।

### दयानंद में कन्या पूजन कर छात्राओं का हुआ सम्मान



दयानंद स्कूल में हुआ कन्या पूजन। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में गुरुवार को नवरात्रि पर कन्यापूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसकी शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य व प्रबंधिका सुधा तिवारी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की। बताया कि कन्या पूजन से छात्राओं का सम्मान करना हमारी संस्कृति व परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे उनमें आत्मसम्मान व प्रेरणा का भाव विकसित होता है। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर कन्या खिलाईं और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इसमें संरक्षक संतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### अंबिका स्कूल में हुआ दीक्षांत व सम्मान समारोह



सम्मान समारोह में मेधावियों के साथ खड़े प्रबंधक और मुख्य अतिथि।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम व पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दीक्षांत व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें पीजी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर नगर के शिक्षक सर रिचर्ड व्हाइट उपस्थित रहे। जिनका विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। शुभारंभ गणेश पूजन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मेधावी छात्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के अनुसार पुरस्कृत किया गया तथा 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक अजय त्रिवेदी व उप प्रबंधिका कनिका त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को अनुशासन व परिश्रम का संदेश दिया। इस दौरान कार्तिकेय, दिनेश त्रिवेदी, अनुराज श्रीवास्तव, हरि राठौर, सौरभ जायसवाल, धीरेंद्र मिश्रा आदि रहे।

# किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को 5 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● **न्यायालय ने दोषी पर 21 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**अमृत विचार:** किशोरी को बुरी नीयत से दबोचकर छेड़छाड़ करने के दोषी युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद 5 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 21 हजार का जुर्माना भी लगाया।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 12 मई-2018 को उसकी 12 वर्षीय बेटी छत पर उपले लेने गई थी। तभी मवईया रमईखेड़ा गांव निवासी अनूप वहां पहुंचा और बेटी को बुरी नीयत से दबोच कर छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर परिजनों का आता देख वह भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर 31 मई-2018 को आरोपी को जेल भेजा था। आईओ सर्वेश कुमार ने साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस एडीजे-13 कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता डॉ. राजीव अवस्थी की दलील व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने अनूप को दोषी ठहराते हुए 5 साल की सजा सुनाई।

# सरैयां क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण तेज

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव



मरहला चौराहे के पास होता आरओबी का काम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे आरओबी का निर्माण इन दिनों तेजी से चल रहा है। करीब 150 करोड़ रुपये की इस संयुक्त परियोजना में राज्य सेतु निगम व रेलवे मिलकर कार्य कर रहे हैं। जहां सेतु निगम का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वहीं रेलवे का कार्य अभी भी धीमी गति से चल रहा है।

सेतु निगम द्वारा करीब 90 फीसदी निर्माण पूरा कर लिया गया है। अब केवल स्लोप निर्माण व पुल पर रेलिंग लगाने का कार्य शेष है। दूसरी ओर रेलवे का करीब 30 प्रतिशत कार्य अभी बाकी है। जिससे परियोजना की समयसीमा प्रभावित हो रही है। एई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पहले इस आरओबी को जुलाई माह तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन अब इसे अगले दो माह में यानी मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके पीछे मुख्य कारण जाजमऊ स्थित पुराने गंगा पुल की प्रस्तावित मरम्मत है। पुराने पुल के बंद होने के दौरान लखनऊ से कानपुर जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाएगा। ऐसे में यातायात को अचलगंज व सरैयां आरओबी के रास्ते से संचालित किया जाएगा।

● **सेतु निगम ने दो माह में काम पूरा करने का रखा लक्ष्य**

### भाजपा गंगाघाट मंडल की परिचयात्मक बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ सम्मान





कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** भाजपा गंगाघाट मंडल की नवनियुक्त टीम की परिचयात्मक बैठक राजमार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ल के साथ सभी नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व जिला महामंत्री मनीष जायसवाल भी रहे। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं और योगी-मोदी के नेतृत्व को मजबूत करें। मंडल अध्यक्ष ने संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का आश्वासन दिया व सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय, सूर्यकुमार बाजपेई, केडी त्रिवेदी, मोहनलाल शर्मा, आदित्य त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, धीरज सिंह, विजय राज सिंह, सुंदरलाल तिवारी, अमरेन्द्र गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, जितेंद्र अवस्थी, सतीश शुक्ला व पंकज वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत अंडर-19 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में संपन्न हुए। इसके अंतर्गत ट्रायल प्रथम चरण व दूसरे चरण की प्रक्रिया से पूर्ण हुआ। प्रथम चरण में आए करीब 70 खिलाड़ियों में 40 का चयन दूसरे चरण के लिये किया गया। दूसरे चरण के अंतर्गत सेलेक्शन मैचों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी व विकेट कीपिंग का प्रदर्शन किया। इसका चयनकर्ता नवीन सिन्हा, मनीष दीक्षित व ओम मिश्रा ने किया।

**बढ़ी दिक्कत** | पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने पर जायद की फसलें हुईं जलमग्न

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से किसान परेशान

शुक्लागंज उन्नाव



गंगा के पानी में डूबी जायद की फसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्रीय किसानों की चिंता बढ़ गई है। नरौरा बांध से पानी छोड़े जाने से गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे रेती में बोई गई जायद की फसलें प्रभावित हो रही हैं। कई खेतों में पानी घुसने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

शंकरपुर सरायं, सन्नी सरायं, लक्ष्मी खेड़ा, कन्हवापुर, गगनी खेड़ा, मनसुख खेड़ा, चंपा पुरवा, गोताखोर, तेजीपुरवा, मनोहर नगर, मंशा खेड़ा, नाथू खेड़ा, पीपर खेड़ा, झब्बू पुरवा, लोचन खेड़ा व रजवा खेड़ा आदि गावों के हजारों किसानों ने गंगा रेती में खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, लौकी, कद्दू, करेला, टमाटर व तरोई बो रखी हैं। जिनमें कई फसलें तैयार भी हो चुकी थीं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार सुबह गंगा का जलस्तर 108.100 मीटर था जो गुरुवार सुबह बढ़कर 108.118 मीटर पहुंच गया। जबकि शाम 6 बजे 108.540 मीटर मापा गया। बुधवार से गुरुवार के बीच 44 सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वहीं बैराज से सुबह 8 बजे 8,766 क्यूसेक व शाम 4 बजे 10,634 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे जलस्तर और बढ़ा। यदि पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** आसीवन थाना क्षेत्र के पेसारी गांव निवासी धर्मेश (25) पुत्र परशुराम का शव उसके कमरे में गुरुवार की देर शाम साड़ी के फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की शादी बीती 5 मई को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मऊ मंसूरपुर निवासी सोनी से हुई थी। मां पुष्पा, भाई अमित, मनीष, बहन अनीता व हिमांशी रो-रोकर बेहाल है। पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजने की कार्रवाई शुरू की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सराय जोगा गांव निवासी पप्पू (42) पुत्र ललतू गुरुवार को रात 8 बजे अजगैन जा रहा था। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज पक्षी विहार के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर सिर के बल गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। लोगो की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह मृतक मजदूरी करता था उसके दो बेटे ऋषि, ऋतिक, बेटियां रुचि, रिया, प्रिया हैं। पति की मौत की खबर से पत्नी सीमा बेहाल है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव मोर्चरी भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने दर्शनार्थियों के गुम मोबाइल ढूंढकर सौंपे

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव स्थित कुशहरी देवी मंदिर में कुसुंभी गांव निवासी जितेंद्र पुत्र मैकू, अंशिका पुत्री कुमार निगम निवासी झलोतर अजगैन, शन्नो पत्नी शिवशंकर निवासी मौदा सरोजनी नगर लखनऊ, रेनू पत्नी मुकेश रावत मरोचा थाना काकोरी लखनऊ गुरुवार को माता के दर्शन के लिए आए थे। जहां मेले में उनके मोबाइल गुम हो गए। मेला कमेटी व मेला ड्यूटी में तैनात महिला कांस्टेबल गुड़िया व कांस्टेबल प्रदीप यादव के संयुक्त प्रयासों से पीड़ितों के मोबाइल ढूंढकर उनके सुपुर्द किये।

## न्यूज ब्रीफ

### दबंगों ने युवक को पीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पतंग उड़ाने गए एक युवक को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली के अल्लाहपुर निवासी अखिलेश कश्यप पुत्र राजकुमार कश्यप के अनुसार वह हरियाली वाले बाईपास पर पतंग उड़ा रहा था। उसी समय रामनगर कॉलोनी निवासी मनीष अवस्थी, विनय तिवारी, नितिन मिश्रा, तुषार आदि आगे और गाली गलौज कर करते हुए उसे डंडों से पीटने लगे। वहां पर मौजूद लोगों के बीच बचाव करने के बाद उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा का पद पर सफलता पूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को उनका नगर आगमन हुआ। नगर आते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। बाद में वह नगर के पूर्व जिलाध्यक्ष जंग बहादुर कुशवाहा के आवास पर आयोजित प्रियदर्शी महान सम्राट अशोक मौर्य की जयंती समारोह में शामिल हुए। इसमें जिला उपाध्यक्ष मंसूर अली, जिला महासचिव अजय गौतम, ब्लाक अध्यक्ष अजय कुशवाहा, आशुतोष शर्मा, सैय्यद सैफ, सुनील कुशवाहा, इकबाल अंसारी, मन्नू हकीम, सिराज, भूरे कुरैशी व मेराज अंसारी आदि शामिल हुए।

# फीस वृद्धि और महंगी किताबों से अभिभावक परेशान

संवाददाता, हरदोई

- जिले में निजी स्कूलों की मनमानी पर नहीं लग पा रही लगाम
- स्कूलों ने 300 से लेकर 600 रुपये तक की फीस में की बढ़ोत्तरी

**अमृत विचार।** जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से होने जा रही है, लेकिन इसके पहले ही निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर सामने आ रही है।

शहर और आसपास के अधिकांश प्राइवेट स्कूलों ने नियमों को दरकिनार करते हुए फीस में मनचाही बढ़ोतरी कर दी है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार कई स्कूलों ने इस बार 300 से लेकर 600 रुपये तक फीस बढ़ा दी है, जबकि शासन द्वारा फीस वृद्धि के लिए स्पष्ट नियम तय किए गए हैं। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और अभिभावकों को मजबूरी में बढ़ी हुई फीस जमा करनी पड़ रही है। फीस वृद्धि के साथ-साथ किताबों को लेकर भी अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। स्कूलों द्वारा निर्धारित कोर्स केवल चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां किताबें बाजार की तुलना में काफी महंगी मिल रही हैं। आरोप है कि इसमें कमीशन का खेल भी शामिल है, जिसके चलते अभिभावकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।


स्टेशनरी की दुकान।

### अभिभावक संघ की भूमिका भी सवालों में

**हरदोई।** केंद्र सरकार द्वारा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन हरदोई में इन निर्देशों का असर सीमित ही दिखाई दे रहा है। अधिकांश स्कूल केवल 20 से 40 प्रतिशत ही एनसीईआरटी की किताबें शामिल कर बाकी कोर्स निजी प्रकाशनों की पुस्तकों से पूरा कर रहे हैं, जिससे खर्च और बढ़ जाता है। इस पूरे मामले में अभिभावक संघ की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। हर साल की तरह इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले किसी तरह का विरोध देखने को नहीं मिला है। अक्सर देखा जाता है कि जब अभिभावक खुद विरोध शुरू करते हैं, तभी संघ सक्रिय होता है, लेकिन तब तक स्थिति काफी आगे बढ़ चुकी होती है और अभिभावकों को राहत नहीं मिल पाती।वहीं जिला प्रशासन की ओर से भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है। ऐसे में अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और वे जल्द ही इस मुद्दे पर आवाज उठाने की तैयारी में हैं।

# गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य व सुंदरीकरण की जांच की मांग

संवाददाता सांडी, हरदोई

- सीएम हेल्प डेस्क पर की गई शिकायत

**अमृत विचार।** कस्बे के श्री बाबा कमलेश्वर नाथ महादेव मंदिर सतमठिया में वंदन योजना के तहत किसी कार्यदायी संस्था के द्वारा कराए जा रहे गुणवत्ताविहीन एवं मानकविहीन निर्माण कार्यों की जांच कराने को लेकर कस्बे के मोहल्ला नबाबगंज निवासी अनुराग कुशवाहा ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती पत्र भेजकर उच्चाधिकारियों के द्वारा जांच कराने की मांग की है। बताते चले कि मंदिर परिसर में शासन द्वारा वंदन योजना के अंतर्गत लगभग 199.91 लाख रुपये से हो रहा निर्माण कार्य व सुंदरीकरण मंदिर परिसर में शनिदेव मंदिर, हनुमान मंदिर, यज्ञ शाला, रेलिंग सुंदरीकरण, मंदिर गेट, परिसर में मार्बल पत्थर का निर्माण व सुंदरीकरण हो रहा। गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य को देख कस्बा निवासी अनुराग कुशवाहा सहित कई लोगों ने विरोध किया। मुख्यमंत्री पोर्टल पर हा रहे कार्य की जांच कराने के लिए शिकायत दर्ज कराई है।

# पुलिस ने पकड़ी असलहा फैक्ट्री

## भारी मात्रा में असलहा बरामद, मौके से एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** अपराध की रोकथाम और अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण के निर्देशन में शाहाबाद और पाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में आधा दर्जन तमंचे, कारतूस और तमंचा बनाने वाली फैक्ट्री के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार शातिर अपराधी है और उस पर पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अवैध शस्त्र के निर्माण बिक्री परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना पाली और शाहाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर संजय शुक्ला उर्फ बर्री पुत्र रघुवीर सहाय निवासी मोहल्ला बेनीगंज थाना पाली को एक तमंचा डबल बैरल 315 बोर, 05 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर, 26 खोखा कारतूस 315 बोर, 04 जिंदा कारतूस 315 बोर, 05 रांगा व शस्त्र बनाने व मरम्मत करने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पाली पर आरोपी के विरुद्ध धारा 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नारायण ने बताया गिरफ्तार आरोपी अवैध शस्त्र बनाने और उसकी बिक्री करने का पेशेवर है। उस पर पाली थाने में पूर्व में ही दस अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की गई जिन्होंने इस समय कारोबार में खरीद फरोख्त की है उनकी तलाश भी की जा रही है। अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।


पत्रकारों को जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण।

# सुरक्षा, स्वाभिमान की दी जानकारी

संवाददाता, बेहटा गोकुल, हरदोई,

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेहटा गोकुल थाना पुलिस ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार को मिशन शक्ति-5 के द्वितीय चरण के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित सैकड़ों छात्राओं को महिला सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र गिरी महिला आरक्षी आरती शर्मा रूपाली चौहान ने छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में वे महिला हेल्पलाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर सकती हैं। छात्राओं को साइबर अपराध, छेड़खानी, घरेलू हिंसा और अन्य अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बैफरिया में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना रहा। बैठक के दौरान पुलिस टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1098, 112 और 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।


थाना प्रभारी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालते बच्चे व शिक्षिकाएं।

# रन फॉर यूनिटी का किया आयोजन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेस-5.0 के दूसरे चरण के तहत पिहानी में भव्य 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई दौड़ प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति प्रभारी/एसआई दीक्षा यादव, एसएचओ पिहानी छोटेलाल, गर्वित, आनंद शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय की गरिमा बाजपेई की भी सक्रिय उपस्थिति रही। शाहबाद तिराहा पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ हरियावां अजीत सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देना हम सभी का कर्तव्य है, ताकि वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार कर सकें। आगे कहा कि मिशन शक्ति अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना ही सच्चे अर्थों में समाज की प्रगति है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं, उनके अधिकारों की रक्षा करें और किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की घटना पर तुरंत आवाज उठाएं। छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां किसी से पीछे नहीं हैं।


जागरूकता रैली निकालते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### पेड़ से लटकता मिला लापता युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** बाज़ार के लिए निकला युवक अचानक गायब हो गया, उसे नाते-रिश्तेदारों के घर ढूंढा जा रहा था, उसी बीच गुरुवार की सुबह तीसरे दिन उसका शव पेड़ से लटका देखा गया। पुलिस आत्महत्या बता रही है, जबकि घर वाले फिलहाल इससे इंकार कर रहें हैं। सवायजपुर कोतवाली के कौड़िया दाना निवासी 48 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र राम नारायण खेती-बाड़ी करता था। छोटे भाई अनिल कुमार ने बताया कि सुशील मंगलवार को घर से सवायजपुर की बाज़ार के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसे नाते-रिश्तेदारों के घरों में ढूंढा जा रहा था। सुशील के भतीजे गोलू ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह गांव के दक्षिण पहुंचा, जहां सुशील का शव झाड़ियों के बीच खड़े पेड़ में रस्सी से लटका देखा।

# कार की टक्कर से कारोबारी की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शटरिंग कारोबारी बाइक से अपने साढ़ू के घर से वापस लौट रहा था, उसी बीच रास्ते. में कुतुआपुर के पास एक लग्ज़री कार ने टक्कर मार दी, जिससे वस बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

बताया गया है कि बुधवार की रात को बिलग्राम रोड पर कुतुआपुर के पास लग्ज़री कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार युवक ज़ख्मी हो गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कल गया गया, जहां गुरुवार को मौत हो गई। बाइक सवार की पहचान 35 वर्षीय संदीप पुत्र रामनरेश निवासी सथरा थाना सुरसा के रूप में की गई है। रामनरेश ने बताया कि संदीप शटरिंग का कारैबार करता था, वह बुधवार को अपने साढ़ू देवम के घर फर्दापुर गया हुआ था, वहीं से रात में बाइक से अकेले लौट रहा था, उसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। परिवार में उसकी पत्नी व दो बच्चे है। पुलिस जांच कर रही है।




### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। साईपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घायलों में 18 वर्षीय आनंद पुत्र राम प्रकाश, निवासी साईपुर बिलग्राम और राहुल पुत्र रामचंद्र, निवासी ग्राम गौरा थाना माधोगंज शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक सवार तेज रफ्तार में थे, जिससे नियंत्रण खोने के बाद यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### छात्रा की पम्पिंग सेट में फंस कर दर्दनाक मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर सिंचाई के दौरान छात्रा वहां गई हुई थी, उसी बीच वह पम्पिंग सेट पर पानी पीने पहुंची, उसी बीच वह उसमें फंस गई, जिससे उसके काफी चोंटे पहुंची, घर वाले उसे उठा कर मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि लोनार थाने के बिजकुरिया निवासी कैलाश के खेत की पम्पिंग सेट से सिंचाई हो रही थी, कैलाश की 18 वर्षीय पुत्री रिंकी, जोकि 12 वीं छात्रा थी, गुरुवार को वह भी खेत पर गई हुई थी। पिता कैलाश ने बताया कि रिंकी पम्पिंग सेट पर पानी पीने गई हुई थी, उसी बीच वह उसमें फंस गई, जब तक उसे बचाया जाता, लेकिन तब तक वह बुरी तरह ज़ख्मी हो चुकी थी, आनन-फ़ानन में उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

# भूमि विवाद में चलीं लाठियां पुलिस को दी गई तहरीर

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव,

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर गांव में कई बीघा भूमि पर मालिकाना हल को लेकर गांव निवासी रईस बेग व कल्याणपुर कानपुर निवासी ऋषभ सिंह के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसके चलते पूर्व में भी कई बार मारपीट हो चुकी है और आरोपियों पर मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गुरुवार को एक बार फिर मारपीट हुई।

कल्याणपुर कानपुर निवासी अलख निरंजन उर्फ लकी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शेरपुर गांव में भूमि है। जिसे बटाईदारों को देखरेख के लिए दी गई है। इस बार उसमें लाही बोई गई थी। गुरुवार को बटाईदार राधा (60) पत्नी जगदीश व अन्य लाही की कटाई कर रहे थे। तभी रईस ने अपने भाइयों व बेटों के साथ लाठी डंडों व अवैध असलहों से हमला बोल दिया। किसी प्रकार बटाईदारों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। लेकिन राधा व उसे जमकर मारा पीटा।

पुलिस आने की सूचना पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल जांच की जा रही है।


बाइक रैली निकालते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### बाइक रैली निकालकर महिलाओं को किया जागरूक

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत गुरुवार को बांगरमऊ पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता बाइक रैली निकाली। इसमें पुलिस कर्मियों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। इस दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया। सीओ संतोष कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनाना तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर बिना घबराए तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

### लापता बच्चे को ढूंढ़कर परिजनों को सौंपा

**उन्नाव, अमृत विचार।** परीक्षा खराब होने पर 13 वर्षीय बालक अपने घर से बिना बताए चला गया। सूचना मिलने के दो घंटे में पुलिस ने उसे तलाश कर परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि गुरुवार सुबह 8 बजे अचलगंज क्षेत्र के ईश्वरीखेड़ा गांव निवासी श्याम कुमार ने पीआरवी को सूचना दी कि उनका 13 वर्षीय बेटा बुधवार शाम घर से बिना बताए निकला था फिर वापस नहीं लौटा। संभावित स्थानों पर तलाशने के बाद परिजनों ने जानकारी पुलिस को दी। पीआरवी कर्मियों से मिली सूचना पर एसओ ब्रजेश शुक्ला ने पुलिस टीमों को बच्चे की तलाश में लगाया। करीब दो घंटे में पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र के बाबाखेड़ा मोड़ के पास से बालक को सकुशल बरामद किया।

# मंदिर की नाली बंद करने के विरोध पर की मारपीट

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता मंदिर को लेकर विवाद सामने आया है। मंदिर प्रबंधक उत्कर्ष गुप्ता ने कोतवाली में दी तहरीर में पड़ोसी शंकर दयाल शर्मा उर्फ पिन्नू पुत्र ब्रह्मदत्त पर मंदिर की नाली बंद करने का आरोप लगाया है। उत्कर्ष ने बताया कि नाली बंद होने से मंदिर परिसर में जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे श्रद्धालुओं व मंदिर प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहरीर के अनुसार जब मंदिर सेवक सक्षम शुक्ला ने नाली खोल दी और बंद करने का विरोध किया तो आरोपी ने उनसे गालीगलौज व मारपीट की। इतना ही नहीं दबंग पड़ोसी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद मंदिर प्रबंधन में रोष है। उत्कर्ष गुप्ता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



**विकास या विनाश** — एनएचएआई व विद्युत विभाग की लापरवाही से मंडरा रहा जान का खतरा, जिम्मेदार विभाग व अधिकारी बने अनजान

# 'यमदूत' बन सर्विस लेन के बीचोबीच खड़े विद्युत पोल

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** रायबरेली-उन्नाव राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीघापुर नगर पंचायत के पास विकास व विनाश की एक अजीब तस्वीर देखने को मिली है। लालगंज से उन्नाव आने वाले वाहनों के लिए बनी सर्विस लेन के बीचोबीच करीब 9 विद्युत पोल 2 साल बाद भी नहीं हटाए जा सके हैं। विभागों की आपसी खींचतान व लापरवाही के चलते यह पोल राहगीरों के लिए यमदूत से कम नहीं हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क का निर्माण पूरा हुए करीब 2 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन मुख्य मार्ग के किनारे सर्विस लेन में लगे इन पोल को हटाने की सुध किसी ने नहीं ली। स्थिति इतनी भयावह है कि आएदिन वाहन इनसे टकरा रहे हैं। महज 2 माह पूर्व इसी सर्विस रोड पर एनएचएआई की एम्बुलेंस, एक ऑटो व स्कूली बच्चों को ले जा रही वैन इन पोल से टकराकर हादसे का शिकार हो चुकी हैं। विभाग ने समाधान के नाम पर पोल पर सिर्फ इंडिकेटर लगाकर खानापूर्ति कर दी। बीघापुर नगर पंचायत के सभासद प्रतिनिधि विजय सिंह उर्फ 'मुन्ना' ने कहा कि इन पोल के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं लेकिन यह तय नहीं हो रहा कि इन्हें हटाने की जिम्मेदारी किसकी है। अधिकारी इसे लेकर टालमटोल वाला रवैया अपनाते हैं। पीएनसी द्वारा मेंटिनेंस की जिम्मेदारी संभालने वाली संस्था के मैनेजर प्रवीण पंगल ने कहा कि यह कार्य विद्युत विभाग व कार्यदायी संस्था को संयुक्त रूप से करना चाहिए था। उन्हें जानकारी नहीं है कि यह पाले अब तक क्यों नहीं हट सके। एक्सईएन विद्युत विमल कुमार ने कहा कि पीएनसी की ओर से उन्हें कोई आधिकारिक पत्र या प्रस्ताव नहीं मिला है। जिससे यह कार्य लंबित है।


सर्विस लेन पर बीचोबीच लगा जानलेवा विद्युत पोल।


बोल्डर लगाकर घेरा गया विद्युत पोल। अमृत विचार

# खेत में करंट लगने से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मवेशियों के लिए चारा काटने खेत गई महिला सरकारी सबमर्सिबल के टूटे तार की चपेट आ गई। इससे करंट से झुलसकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी इलेक्ट्रिक शाक से मौत होने की पुष्टि हुई है।

मौरावां थानाक्षेत्र के स्वयंवर खेड़ा गांव निवासी रामपति (55) पत्नी रामकुमार यादव खेती में भी परिवार का हाथ बंटाती थी। बुधवार शाम वह मवेशियों के लिए खेत से बरसीम (चारा) काटने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। रात में परिजनों ने उसे तलाश किया लेकिन पता नहीं लगा। गुरुवार भोरपहर उसका शव खेत के पास पड़ा मिला। पास में सरकारी सबमर्सिबल में विद्युत आपूर्ति के लिए गया तार भी टूटा पड़ा था। इससे कयास लगाए गए कि करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने जांच शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें उसकी इलेक्ट्रिक शाक से मौत होने की पुष्टि हुई। उसकी मौत से परिजन बेहाल हो गए। उसका एक बेटा पंकज पंजाब के लुधियाना में व दूसरा मयंक राजस्थान में मजदूरी करता है। बेटी प्रियंका की शादी हो गई है। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने करंट लगने से मौत होने की जानकारी दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात कारणों से युवती ने फांसी लगा दी जान



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव भड़सर नौशहरा के मजरा दर्शन खेड़ा (भूड़) में बुधवार देरशाम गांव निवासी संजय पाल की 19 वर्षीय बेटी शालिनी ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में बांस में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। उसकी मां दीपा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं। घटना के बाद से मां दीपा का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

### गड़ासा से हमला कर महिला को किया घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। रंजिश के चलते दबंगों ने महिला पर धारदार हथियार (गड़ासे) से हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम बबुराई निवासी कुतुका देवी पत्नी भगवान शरण के अनुसार 23 मार्च की रात गांव के संतराम उसकी पत्नी संगीता, भाग्यश्री और रामदास आ गए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर संगीता ने प्राशिनी की मां पर गड़ासा से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हुआ सम्मान



मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। ब्लाक कार्यालय पर शिवराज सिंह बाबा को भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक आशीष सिंह ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। उसके पश्चात अन्य कार्यकर्ताओं ने भी माल्यापर्ण किया। बताते चले कि शिवराज सिंह बाबा लम्बे समय से ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पद पर रहे, जो सक्रिय रूप से भाजपा के समर्पित कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य कर रहे है।

### दबंगों ने महिला व उसकी पुत्री को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। दबंगों ने महिला और उसकी पुत्री को पीट कर घायल कर दिया घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी मधु पत्नी लक्ष्मीकांत की तहरीर पर आरोपी कुलदीप, रेनू, कृष्ण चंद्र और कुलदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने आरोपियों से अपनी व बेटी की जान को खतरा बताया है।

# माता के दर्शन मात्र से पूरी होती है मनोकामना

प्रदीप वैश्य, कोथावां, हरदोई

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि को सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लग गया, भक्तों की प्रातः से ही मंदिरों में घंटे और मंत्रोचार की गूंज सुनाई देने लगी, मन्दिरों में भक्त माता के चरणों में अपनी मन की मुरादें पूरी करने के लिए बड़ी उत्सुकता से पहुंचे।

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर और कोथावां ब्लॉक से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन मां कालिका देवी का मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है, यह मंदिर भवानीपुर गांव के ऊंचे स्थान पर आदि गंगा गोमती की तलहटी में स्थित है। मंदिर का वातावरण बेहद रमणीय है, चारों ओर हरे-भरे वृक्ष और गोमती नदी की कल-कल धारा भक्तों का मन मोह लेती है। यहां आने वाले श्रद्धालु मां के दर्शन के बाद शांति का अनुभव करते हैं। पुजारी के अनुसार यह मंदिर प्राचीन है और यहां पहले शिवजी का मंदिर था, जहां उद्दोलक मुनि पूजा अर्चना करते थे।



मां कालिका देवी का मुख्य द्वार पर लगी भक्तों की भीड़।



मां की पूजा करते पुजारी। अमृत विचार

### मां के दर्शन-पूजन को दूर-दराज से पहुंचते हैं भक्त

माता कालिका का यह मंदिर चैत्र और क्वार माह के नवरात्रों में श्रद्धालुओं से भरा रहता है। दूर-दूर से भक्त यहां अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आते हैं। विशाल रूप धारिणी माता कालिका भक्तों के सभी दुखों का हरण कर मनोवांछित फल प्रदान करती है। इस नवरात्र में भक्तों का उत्साह देखने लायक है, जो माता के प्रति भक्ति और श्रद्धा को व्यक्त कर रहे है।

# महागौरी से की सुख-समृद्धि की कामना

हरदोई, अमृत विचार। चैत्र नवरात्र के अष्टमी को गुरुवार के दिन भक्तों ने महागौरी से सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिली। घरों पर भी भक्तों ने विधि विधान से महागौरी का उपवास रखकर पूजन अर्चन किया।

चैत्र नवरात्र को गुरुवार को मां श्रवण देवी मंदिर, मां संतोषी माता मंदिर, बाबा तुरंत नाथ मंदिर, बाबा सिद्धनाथ मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, फूलमती मंदिर आदि में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में मां की पूजा करने वालों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने उपवास रख कर मां से आशीर्वाद मांगा। ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों ने मां की आराधना की गई। मां दुर्गा देवी मंदिर, मां गायत्री देवी मंदिर, फूलमती देवी, कुलदेवी, आशा देवी मंदिरों में सुबह से ही विधि विधान से पूजन अर्चन किया। घरों में भी माता रानी की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई।



श्रवण देवी मंदिर में मां की आराधना करते भक्त। अमृत विचार

### राम जानकी मंदिर में राम जन्मोत्सव आज

हरदोई, अमृत विचार। नगर के राम जानकी मंदिर में शुक्रवार को 12 बजे जन्म की महाआरती आयोजित की जाएगी। मुख्य पुजारी मैथिलीशरण ने बताया कि राम जन्मोत्सव 11 बजे भजन कीर्तन के साथ प्रारंभ होगा। जन्म की महाआरती 12 बजे होगी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण, कन्याभोज व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। राम नवमी के आयोजन को लेकर पूरे दिन गुरुवार को तैयारियां चलती रही।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दंपति व बेटी की मौत

## कटरा-विल्हौर हाईवे पर हरपालपुर थाना क्षेत्र में हुई भीषण दुर्घटना

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

अमृत विचार। कटरा-विल्हौर हाइवे पर हरपालपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कन्टेनर की टक्कर से बाइक सवार दंपति व उनकी पुत्री की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के इशेपुर मजरा भुसेहरा गांव निवासी मोनू (30) पुत्र राकेश गुरुवार की दोपहर अपनी पत्नी नीलम व पुत्री लक्ष्मी के साथ बाइक पर सवार होकर दवा लेने हरदोई जा रहा था। रास्ते में कटरा-बिल्हौर हाइवे पर ककरा दूध प्लांट के मोनू अपने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने लगा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कन्टेनर ने उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए तीनों को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार मोनू व उसकी पत्नी नीलम और पुत्री लक्ष्मी की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।



पति मोनू, पत्नी नीलम व बेटी लक्ष्मी की फाइल फोटो।

### पति की बाइक से उछल कर गिरी पत्नी की मौत

हरदोई, अमृत विचार। पति को बाइक पर बैठाकर युवक निजी हास्पिटल में भर्ती रिश्तेदार को देखने आ रहा था। उसी बीच सड़क पर ब्रेकर आने से पत्नी उछल कर बाइक से नीचे गिर पड़ी। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। शाहजहांपुर जिले के तोनी थाना रौज़ा निवासी देवनारायण ने बताया कि उसके साढू की बहू हरदोई के एक निजी हास्पिटल में भर्ती है। बुधवार को वह अपनी पत्नी राधा देवी (42) के साथ बाइक से उसे देखने आ रहा था। रास्ते में हरदोई-शाहजहांपुर रोड पर कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव के पास ब्रेकर आ जाने से देव नारायण की बाइक उछली और उसकी पत्नी राधा देवी सड़क पर गिर पड़ी।



शिव बारात के दौरान मनमोहक झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### रामनवमी पर भागवत कथा में निकाली शिव बारात

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड भरावन के इटौंजा में हो रही भागवत कथा में गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर शिव बारात निकाली गई। बारात इटौंजा से चलकर 10 किलोमीटर की यात्रा करकर बाडिल बाबा होकर जंगली शिव महादेव मन्दिर अतरौली तक निकाली गई। जंगली शिव महादेव मन्दिर के प्रांगण में शिव तांडव, शिव स्तुति, होली खेले मशाने के भजनों पर भगवान शिव नें गणों के साथ दिव्यता और भव्यता के साथ नृत्य किया। भागवत कथा के आयोजक पवन सिंह नें बताया शाम में श्रीमदभागवत कथा अनुसरण होगा, रामनवमी के अवसर पर जंगली शिव महादेव मन्दिर में शिव बारात के साथ पूजण अर्चन किया गया। शिव बारात में पवन सिंह पप्पू त्रिवेदी, विनोद सिंह, शिवांशु सिंह, सत्यवान सिंह, सौरभ पाण्डेय, राजू तिवारी, प्रिंस सिंह, सोनू सिंग्ज, सर्वेंद्र सिंह प्रवीण सिंह, संतोष सिंह सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

### हरदोई येलो की टीम ने 55 रनों से जीता मैच

हरदोई, अमृत विचार। यूपीसीए ट्रायल मैच के अंतर्गत हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराया गया अंडर 19 मैच गुरुवार को सीएसएन पीजी कॉलेज में खेला गया। जिसमें हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की चार टीमें बनाई गई। हरदोई येलो व हरदोई ग्रीन के हुए मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच का शुभारंभ हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। हरदोई येलो की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 200 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदोई रेड टीम 145 रनों पर ढेर हो गई। हरदोई येलो की टीम ने मैच 55 रनों से जीत लिया। मैच में स्कोरिंग की भूमिका सोनेन्द्र त्रिपाठी ने निभाई। अगला मैच शुक्रवार सुबह 8 बजे शुरू होगा। जो की अंदर-14 खिलाड़ी के बीच खेला जाएगा।

# भूमि विवाद में वृद्ध की लाठी से पीटकर हत्या

संवाददाता ,भरखनी, हरदोई

- घटना के बाद से गांव में तनाव
- आरोपियों को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव में गुरुवार दोपहर भूमि विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में बुजुर्ग की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई।

मृतक राधे श्याम के बेटे संजीव कुमार ने बताया कि गांव के ही अखिलेश, अवधेश, बृजेश और मंजेश से उनका काफी समय से भूमि विवाद चल रहा है। गुरुवार को उनकी भैंस खुलकर विवादित जमीन पर चली गई, जिससे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में राधे श्याम (70) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना में अन्य लोग भी घायल हुए, जिन्हें सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एएसपी आलोक राज नारायण ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आरोपी बृजेश, अखिलेश और मंजेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।



राधेश्याम की फाइल फोटो।

### लाठी की मार से टूट गई थी सिर की हड्डी

भूमि विवाद और भैंस बांधने की रंजिश में पड़ोसियों द्वारा बुज़ुर्ग पर लाठी डंडों से किए गए हमले में सिर की हड्डी टूट गई, जो उसकी मौत की वजह बनी। पचदेवरा थाने के कुंवरपुर निवासी राधेश्याम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया है। बाएं कान के नीचे, बाएं हाथ और दाहिने पैर में भी लाठी-डंडों से पिटाई के निशान पाए गए है।

### खेलकूद व स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक

हरदोई, अमृत विचार। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत चलाए जा रहे "माय भारत युवा मंडल विकास अभियान" के तहत मल्लावां और बेहंदर में युवाओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायत के युवा मंडल अध्यक्ष सचिव व सदस्य मौजूद रहे। ब्लॉक मल्लावां में माय भारत युवा मंडल विकास अभियान की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ मल्लावां लक्ष्मण प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट चंद्रशेखर व वीरेंद्र सिंह समाजसेवी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

# कृष्ण-सुदामा मित्रता का सुनाया प्रसंग

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के हथौड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता प्रसंग सुनाया प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा व्यास ने कहा कि मित्रता निभाना भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा से समझ सकते हैं। सुदामा पत्नी के आग्रह पर मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचते। सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षुक समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं, इस पर द्वारपाल महल गए। कहा कि सुदामा नाम का व्यक्ति स्वयं को आपका मित्र बता रहा है और मिलने आया है। द्वारपाल के मुंह से नाम सुनते प्रभु नंगे पांव सुदामा सुदामा पुकारते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभी अचंभित हो गए। भगवान कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया।



कथा व्यास वशिष्ठ जी महाराज।



सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा जिलाध्यक्ष।

### सम्राष्ट अशोक की मनाई गई जयंती

हरदोई, अमृत विचार। सपा कार्यालय में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में सम्राट अशोक महान की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इसके उपरांत एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि सम्राट अशोक विश्व के एक प्रतापी राजा थे और मौर्य वंश के महान सम्राट थे सम्राट अशोक ने ही बौद्ध धर्म का प्रचार किया अखंड भारत पर उन्होंने इसका व्यापक प्रभाव पडा ।समाजवादी पार्टी ने अशोक महान के शक्ति और धर्म के मार्ग को अपनाकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया।

# जिले में योग्य युवाओं को दिया जा रहा रोजगार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 9 दिवसीय कार्यक्रम में गुरुवार को जिला सेवा योजन एवं श्रम विभाग की ओर से रोजगार मेले का आयोजन गांधी भवन सभागार में किया गया।

मेले में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला सेवा योजन अधिकारी रामवीर सिंह ने कहा कि सेवा योजन कार्यालय द्वारा समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन कर जनपद के युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से मजबूत बनया जा रहा है। कहा कि आयोजित होने वाले मेलों में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां साक्षात्कार में भाग लें और रोजगार प्राप्त करें। सहायक श्रमायुक्त सत्यवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत कामगारों को मातृत्व शिशु एवं बाल मदद, सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन, आवासीय विद्यालय, कन्या विवाह, गम्भीर बीमारी, महात्मा गांधी पेंशन, निर्माण कामगार सहायता एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय चेतना योजना का लाभ दिया जाता है।



कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ युवक-युवतियां। अमृत विचार

# सीएचसी में भर्ती महिला की मौत इलाज में लापरवाही का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। सीएचसी में भर्ती महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पति दो महीने से बीमार होने की बात कर रहा है, जबकि भाई का आरोप है कि बहन के इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे कुछ कहा जा सकता है।

शाहाबाद कोतवाली के नगला नन्हू निवासी राजन शुक्ला की 30 वर्षीय पत्नी विजय लक्ष्मी शुक्ला की बुधवार की रात तबियत बिगड़ने पर उसे सीएचसी शाहाबाद उठा ले गया, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। राजन शुक्ला ने दावे के साथ अपनी पत्नी को करीब दो महीने से बीमार बताते हुए कहा कि काफी दूर-दूर इलाज हुआ, काफी खर्च भी हुआ, लेकिन कहीं से कुछ भला नहीं हुआ। वहीं विजय लक्ष्मी का भाई राजू तिवारी निवासी महीन कुण्ड, बेनीगंज ने बहनोई के ऊपर आरोप लगाया कि उसकी बहन के इलाज मे. लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी मौत हुई। वहीं पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आस बारे में आगे कुछ आ कहा जा सकता है।

आयोजन | आईबी मान्यता प्राप्त जिले का पहला विद्यालय बना बाल विद्या भवन

# मेहनत का परिणाम पाकर खिले चेहरे

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह, उल्लास और गर्व का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था। विद्यालय क़े द्वारा परिणाम को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से घोषित किया गया, जिससे सभी उपस्थितजन संतुष्ट दिखाई दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध निदेशिका डा. कीर्ति सिंह एवं प्रधानाचार्य कनुप्रिया सिंह के द्वारा किया गया। प्रबंध निदेशिका डा. कीर्ति सिंह ने कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंकों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का प्रतिबिंब होता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा जिन छात्रों के अंक अपेक्षानुसार नहीं आए, उन्हें निराश न होकर आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय मान्यता करने वाला बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल प्रदेश का आठवां व जिले का पहला विद्यालय बन गया है।




# संगोष्ठी में वक्ताओं ने रामराज्य की आवश्यकता पर दिया जोर

हरदोई, अमृत विचार। संवेदना' संस्था द्वारा गुरुवार को राम नवमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को डॉ. ब्रह्म स्वरूप पांडे के आवास पर 'भारतीय जन मानस और राम' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. ईश्वर चन्द्र वर्मा ने भारतीयों के जनमानस में राम के त्याग, चरित्र, मर्यादा, कर्तव्य तथा माता, पिता, भाई, मित्र तथा वंचितों के प्रति उदार भाव को रेखांकित किया। डॉ. श्री पांडे ने आज के द्वन्द्वात्मक समाज में राम के सर्वांगीण चरित्र की आवश्यकता तथा समूहों के बीच विध्वंसात्मक संघर्ष की समाप्ति के लिए सर्वहितकारी 'राम राज्य' की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ.नरेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि राम की राजनीति संवाद और धैर्य पर आधारित थी।

विश्व को इससे सीख लेनी चाहिए। इसमें हट और अहंकार बिल्कुल आड़े नहीं आना चाहिए। डॉ. शीला पांडे ने कहा कि राम का चरित्र सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थिति में सत्य तथा कर्तव्य का परित्याग नहीं करना चाहिए। गिरीश चंद्र बाजपेई तथा वेद प्रकाश अवस्थी ने भी राम के औदार्य तथा माता-पिता और गुरु की अनन्य भक्ति को रामचरितमानस के उद्धरणों से सिद्ध किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम्' के गान से हुआ।

# नितीश बेस्ट ब्वॉय, रागिनी बनी बेस्ट गर्ल

- वार्षिकोत्सव एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण के रंगारंग समारोह में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। बावन ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

छात्रा दीपाली यादव ने सरस्वती वंदना, शिवांगी यादव व छवि ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा सोशल मीडिया पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। रोली व पुष्प वर्षा से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस वर्ष भी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल अजय गुप्ता के द्वारा बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। जिसमें कक्षा-6 के नितीश शर्मा को बेस्ट ब्वाय आफ द स्कूल, रागिनी देवी को बेस्ट गर्ल और कक्षा-8 की नैन्सी ऑलराउंडर आफ द ईयर व कक्षा-8 की छात्राओं को ट्राफी एवं नगद धनराशि प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की गई।




पुरस्कार वितरण में बच्चे को सम्मानित करतीं शिक्षिका। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**बिसवां।** नवनिर्माण के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक बिसवां और सकरन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत नारायण संकीर्तन मंडल के भजनों से हुआ। इसके बाद मुन्ना जादूगर एंड पार्टी ने जादुई करतबों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को नारी शक्ति, महिला स्वयं सहायता समूह, पेंशन और आवास योजनाओं के प्रति जागरूक किया। बिसवां बीडीओ सुमित कुमार सिंह, सकरन बीडीओ श्रीश गुप्ता और बीओ ओमकार सिंह ने योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। कार्यक्रम में बिसवां और सकरन ब्लॉक के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित भारी संख्या में विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### दोना-पत्तल से भरी डीसीएम जलकर राख

**संदना।** सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर संदना चौराहे के पास देर रात एक भीषण हादसा हो गया। रालामऊ से सीतापुर जा रही दोना-पत्तल के कच्चे माल से लदी एक डीसीएम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई। चालक और परिचालक के अनुसार, गाड़ी के सीएनजी सिलेंडर में हीटिंग की समस्या के कारण चिंगारी उठी, जिसने तुरंत कच्चे माल को चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि आग भड़कते ही चालक-परिचालक समय रहते वाहन से बाहर कूद गए। सूचना पर पहुंची संदना पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया।

### न्याय दो पैदल मार्च को आईपीएफ का समर्थन

**सीतापुर।** सिधौली में भूमि घोटाला के खिलाफ सोशलिस्ट किसान सभा द्वारा निकाली जा रही पैदल यात्रा को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने अपना समर्थन दिया है। बराई जलालपुर में आईपीएफ के राज्य सचिव डॉ. बृज बिहारी और सुनीला रावत इस मार्च में शामिल हुए। डॉ. बृज बिहारी ने कहा कि भूमि घोटाला सरकार के किसान विरोधी होने का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन किसानों के बजाय भू-माफियाओं के साथ खड़ा है। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता संदीप पांडेय के नेतृत्व में चल रही यह यात्रा गुरुवार रात खैराबाद में विश्राम करेगी। आईपीएफ कार्यालय सचिव एन गौतम ने बताया कि यात्रा खैराबाद से सीतापुर डीएम कार्यालय के लिए प्रस्थान करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में आईपीएफ कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

### खालेपुरवा में नवारम्भ उत्सव का आयोजन

**लहरपुर।** बेहटा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खालेपुरवा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के उपलक्ष्य में 'नवारम्भ उत्सव' धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बाल वाटिका, स्कूल



अभिनंदन और मेगा पीटीएम अभिभावक-शिक्षक बैठक का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रामकिशोर, सहायक अध्यापक अल्ताफ आलम और अशोक कुमार ने नए सत्र में बच्चों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षामित्र अर्चना देवी और ग्राम पंचायत सहायक नीलम देवी निर्मल भी मौजूद रहीं। शिक्षकों ने शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने पर जोर देते हुए अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के लाभ बताए गए। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे अनफिट वाहन

## डीएम के आदेश पर एआरटीओ ने की कार्रवाई, 45 वाहन स्वामियों को थमाई गई नोटिस व 12 वैन पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**आंखों देखी**

**अमृत विचार:** जिले में अनफिट वाहन फर्राटा भर रहे थे, डीएम के सख्त तेवर के बाद जांच हुई तो पता चला कि बड़ी संख्या में बच्चों को ले जाने वाले वाहन नियमों से इतर चल रहे थे। ऐसे में परिवहन विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई।

डीएम डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने वाहनों की चेकिंग की तो नतीजे चौकाने वाले थे। वेन ही नहीं स्कूल ले जाने वाहन बड़ी संख्या में अनफिट मिले। एआरटीओ के मुताबिक, बड़ी संख्या में ऐसे वाहन अनफिट मिले जो विद्यालय के बच्चों को निजी स्तर से बच्चों को लाने ले जाने का कार्य कर रहे थे। ऐसे में 45 वाहन स्वामियों को नोटिस थमाई गई है। 12 से अधिक वाहनों का चालान किया गया। बताया कि पहली अप्रैल से 15 अप्रैल तक निजी विद्यालयों के वाहनों की सघन चेकिंग कराई जाएगी, जो वाहन अनफिट मिलेगा, विधिक और विभागीय दोनों कार्रवाई होगी।




सीतापुर-बहराइच मार्ग पर खैराबाद बाजार में फंसी डबल डेकर बस। अमृत विचार



वाहनों पर कार्रवाई करते एआरटीओ। अमृत विचार

### शहर में बाईपास पर खड़ी होती हैं डबलडेकर

सीतापुर जनपद में डबलडेकर बसों का बड़ा सिंडीकेट है। प्राइवेट बसे गांजर और ग्रामीण क्षेत्रों से चलकर दिल्ली, हरियाणा, पानीपत और जम्मू जाती है। ये बसें शहर के वैदेही वाटिका, बस अड्डा के निकट, कांशीराम कॉलोनी स्थित एक होटल के निकट, खैराबाद रेलवे स्टेशन चौराहा सहित अन्य स्थानों पर यात्रियों को सवार करते देखे जा सकते हैं।

### निजी बसें कर रहीं नियमों की अनदेखी

गोला-खीरी से लखनऊ जाने वाली निजी बसे नियमों की खुलकर अनदेखी कर रही हैं। सुबह सीतापुर से लखनऊ जाने वाले यात्री आकाश, शिवा, अंकित, राकेश बताते हैं कि ये निजी बसे गोला-खीरी से आकर नेपालापुर चौराहा, बाईपास होकर खैराबाद आती हैं, बसों में ठूंसकर सवारी भरी होती हैं, मनमाना किराया वसूलते हैं। सुरक्षा के उपकरण भी नहीं हैं।

### ड्रग तस्करों को कारावास और अर्थदंड की सजा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत सीतापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट के दो अलग-अलग मामलों में अभियुक्तों को सजा सुनाई गई।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में खैराबाद और रामकोट पुलिस व अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में मजबूती से पक्ष रखा। इसके फलस्वरूप, अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-5 ने थाना खैराबाद के ग्राम दतेली निवासी राजेंद्र पुत्र श्यामलाल को 3 माह 8 दिन के कारावास और 2,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, दूसरे मामले में थाना रामकोट के ग्राम गौरा निवासी विजय पुत्र बिन्द्रा को 2 माह 17 दिन के कठोर कारावास और 2,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।



महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी देती पुलिस की टीम।

### महिलाओं को आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोतवाली देहात की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने बृहस्पतिवार को नैपालापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं व युवतियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के गुर सिखाए गए। नैपालापुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गीता सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संकट के समय घबराने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें। उन्होंने 1930 साइबर अपराध, 1090 महिला हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा सहित अन्य नंबरों के महत्व को विस्तार से समझाया। इस दौरान महिला कांस्टेबल सोनम और चांदनी मौर्या ने आत्मरक्षा की तकनीकों, साइबर सुरक्षा और घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।

## सड़क हादसों में दो युवकों की मौत और दो गंभीर

संवाददाता, हरगांव।

- हरगांव थानाक्षेत्र के दो स्थानों पर हुए सड़क हादसे

**अमृत विचार :** देर रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने कोहराम मचा दिया। इन हादसों में दो युवकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना सीतापुर-हरगांव मार्ग पर कल्याणपुर मोड़ के पास देर रात स्विफ्ट कार और इनोवा की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक आकाश तिवारी (25) निवासी जोशी टोला की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार उनका साथी अंकुर गंभीर रूप से घायल है, जिसे लखनऊ रेफर किया गया है। इनोवा सवार लखीमपुर निवासी सात लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मृतक का कुछ ही दिनों बाद अपने बेटे का मुंडन संस्कार करना था, जिससे परिवार में मातम पसरा है। दूसरी घटना, रामनगर चौकी के पास मदारपुर पुल की ओर जा रही एक मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तालगांव निवासी हरेश कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी सत्यपाल (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## पंपों पर लगीं कतारें, जनता बेहाल



पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के लिए बड़ी संख्या में पेट्रोल लेते लोग।

संवाददाता बिसवां।

**अमृत विचार :** खाड़ी देशों में छिड़े युद्ध का असर अब स्थानीय स्तर पर गहराने लगा है। रसोई गैस की किल्लत के बाद अब तहसील क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल के लिए भी मारामारी देखने को मिली। बिसवां के कई पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जबकि कई पंपों पर तेल न होने के कारण 'नो स्टॉक' के बोर्ड लटके रहे।

एक ओर जहां तेल की किल्लत है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन के नियमों की भी अनदेखी की जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर के स्पष्ट आदेश हैं कि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों को पेट्रोल न दिया जाए, लेकिन पंपों पर इन निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ती दिखाई दीं। एक तस्वीर ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल बिक्री करते नजर आई, अफरा-तफरी के बीच बिना सुरक्षा उपकरणों के ही धड़ल्ले से ईंधन वितरण होता रहा।

### सीतापुर में ट्रक से टकराई रोडवेज बस, 10 घायल

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** नेशनल हाईवे-30 पर कमलापुर थाना क्षेत्र के सुरेंचा कट के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से सीतापुर आ रही रोडवेज की अनुबंधित बस ओवरटेक करने के प्रयास में आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के समय बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिनमें से 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी कमलापुर पहुंचाया। घायलों में सतीश, प्रमोद, शायरा, खैरूननिशा, स्वप्निल, शशि और अनन्या गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया हादसा बस चालक की लापरवाही से होना बताया जा रहा है।




महमूदाबाद में सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम बीएन सिंह। अमृत विचार

### तीन सभासदों ने ली शपथ

**सीतापुर।** सिधौली नगर पंचायत सभागार में तीन नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी राखी वर्मा ने देवी दयाल राठौर, अमर सिंह और निशा रावत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद, सभी नव-नामित सभासदों ने नगर विकास और जनहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने नव-नामित सभासदों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राम बक्स रावत, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, उपेंद्र त्रिपाठी, अतुल तिवारी, पुष्कर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, महमूदाबाद और सिधौली नगर निकायों में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अधिकारियों द्वारा सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नगर पालिका परिषद परिसर में एसडीएम बीके सिंह द्वारा मृगांक वर्मा, आशुतोष अनल, किरण यादव, कालिका प्रसाद और शिवपाल रावत को शपथ दिलाई गई।

### खेत में काम करते समय सियार का हमला, दादी-पोती घायल

**संवाददाता, महोली। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के चमखर गांव में देर शाम सियार के हमले से हड़कंप मच गया। खेत में पिता के साथ गई पांच वर्षीय मासूम पर झाड़ियों से निकले सियार ने अचानक हमला कर दिया। बच्ची को बचाने दौड़ी उसकी दादी को भी सियार ने काटकर घायल कर दिया।

ग्रामीण कृष्णा के मुताबिक, वो अपनी पुत्री अपूर्वी (5) के साथ खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान सियार ने अपूर्वी को दबोच लिया। चीख-पुकार सुनकर पास ही मौजूद दादी शांति (60) उसे बचाने पहुंचीं, तो सियार ने उन पर भी हमला बोल दिया। ग्रामीणों के जुटने पर सियार वहां से भाग निकला। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार जारी है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी दहशत है। वन विभाग को मामले की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने इलाके में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवरों को पकड़ने की मांग की है।

### शासन की योजनाओं के अनुरूप बैंकें दें ऋण: डीएम



बैंकर्स समिति की बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम ने बैंकवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, पीएम स्वनिधि और एनआरएलएम जैसी प्राथमिकता वाली योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने खराब प्रगति वाले बैंकों को फटकार लगाते हुए कहा कि जिन शाखाओं में ऋण स्वीकृत हो चुके हैं, वे 30 मार्च को विशेष अभियान चलाकर उनका वितरण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि बिना पर्याप्त कारण के कोई भी आवेदन निरस्त न किया जाए और लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण हो। बैठक में लीड बैंक मैनेजर मनोज कुमार सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### पुलिस ने बरामद कर लौटाए 5 गुमशुदा मोबाइल



बरामद मोबाइलों के साथ मोबाइल स्वामी और पुलिस। अमृत विचार

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** यूपी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने तकनीकी कुशलता का परिचय देते हुए पांच लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए 05 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश व क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने यह सफलता प्राप्त की। वरिष्ठ उप निरीक्षक आशीष तिवारी की टीम ने सर्विलांस व सीईआईआर पोर्टल के जरिए जयकरन, मो. आसीफ, तौफीक अहमद, जयप्रकाश तिवारी और निर्मल कुमार के खोए हुए मोबाइल जो टेक्नो, सैमसंग, वीवो व लावा के खोज निकाले। गुरुवार को थाने बुलाकर जब उन्हें उनके फोन सौंपे गए, तो पीड़ितों ने पुलिस टीम की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। बरामदगी करने वाली टीम में कांस्टेबल सुखवीर सिंह व महिला आरक्षी रेखा भी शामिल रहीं।

## जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, 21 घायल

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हिंसा का तांडव देखने को मिला। जमीन विवाद, फसल कटाई और मामूली कहासुनी को लेकर हुई तीन बड़ी वारदातों में महिलाओं समेत कुल 21 लोग लहूलुहान हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से चार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तीनों मामलों में तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

रामपुर कला थाना क्षेत्र के दहवा ग्राम पंचायत में लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। वसीम पक्ष का आरोप है कि सलीम, कलीम और अलीम सहित पांच लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस संघर्ष में 6 लोग घायल हुए हैं। एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



जिला अस्पताल में उपचार कराते घायल।

### गन्ने की फसल काटने पर 13 लोग घायल

इमलिया सुल्तानपुर के हरिनाथपुर में देर रात गन्ने की फसल काटने को लेकर दो परिवार आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे और धारदार हथियार निकल आए। इस हिंसक झड़प में विकास, सर्वेश, रुक्मी, कल्लू, लक्ष्मी और श्रीराम सहित कुल 13 लोग घायल हुए हैं। लक्ष्मी नामक महिला के सिर में गहरी चोट होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### घर में घुसकर मां-बेटे और बेटी को पीटा

तालगांव के रसूलपुर गांव में दबंगों ने घर के भीतर घुसकर तांडव मचाया। पीड़िता राधारानी के अनुसार, मामूली विवाद में गांव के ही अनिल, निर्मल और पूर्व प्रधान मुंशी समेत आधा दर्जन लोगों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। हमले में राधारानी, उनके बेटे पंकज और बेटी रूबी को बेरहमी से पीटा गया।

## सड़क हादसों में बुजुर्ग की मौत, ट्रैक्टर खाई में गिरा

खैराबाद/सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में बुधवार को हुए सड़क हादसों में एक बुजुर्ग की जान चली गई, जबकि अन्य घटनाओं में लोग बाल-बाल बचे।

सिधौली क्षेत्र के भगौतीपुर-अटरिया मार्ग पर दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अटरिया के फतेहपुर निवासी शिवराम (70) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी मोहन और परमेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार सीएचसी सिधौली में चल रहा है। टक्कर के बाद दूसरी बाइक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वहीं, खैराबाद ब्लॉक के गनेशपुर में ईंटें छोड़कर लौट रहा एक ट्रैक्टर स्टेरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर 8 फीट गहरी खाई में जा गिरा। गनीमत रही कि चालक जगदीश ने सूझबूझ दिखाई, जिससे वह और उसके दो साथी सुरक्षित बच गए।



घायल को अस्पताल ले जाते परिजन।

## चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन लगे मां के जयकारे

- नैमिषारण्य सहित अन्य स्थानों पर कन्या पूजन व जागरण की रही धूम

सीतापुर, कार्यालय।

**अमृत विचार:** जनपद में चैत्र नवरात्र का समापन और अष्टमी का पर्व पूरी श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खैराबाद के पौराणिक श्रीबिहारी जी बड़ा मंदिर में महंत कृष्णा चारी के सानिध्य में भजन संध्या और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें कई राजनेताओं ने शिरकत की।

वहीं, मछरेहटा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ भारासेनी मंदिर में भव्य देवी जागरण आयोजित किया गया। लखीमपुर से आए कलाकारों और अनुराग मस्ताना ग्रुप की झांकियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह व थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने किया। आयोजक संतोष शुक्ला ने बताया कि तारा देवी की कथा व प्रसाद वितरण के साथ जागरण संपन्न हुआ।

उधर, पिसावां क्षेत्र के प्रसिद्ध नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य देवालयों में सुबह से ही हवन-पूजन और जय माता दी के जयकारों की गूंज रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहुतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना की और कन्या पूजन कर उपहार भेंट किए। सभी कार्यक्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। वहीं नैमिषारण्य मंदिर में मां ललिता देवी मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ थी। पूजन-अर्चन के बाद कन्याओं को मिष्ठान और भोजन वितरण किया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मुण्डन संस्कार कराए। शहर से लेकर गांव तक पुलिस मुस्तैद रही। इसी कड़ी में नैमिषारण्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



मां ललिता देवी मंदिर में भक्तों का लगा तांता। अमृत विचार




मंदिर परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर। अमृत विचार

## कीचड़ में निकलने को मजबूर, जिम्मेदार अनजान

संवाददाता, सीतापुर / सांडा।

- अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों में भारी रोष

**अमृत विचार :** विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत बोहरा के राजस्व गांव बोहरा में विकास दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। बोहरा-लंघनियां संपर्क मार्ग पिछले दो महीनों से कीचड़ और गंदगी से पटा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस कीचड़ के कारण आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। ग्रामीण लालता प्रसाद, सर्वेश मिश्रा, मुनुवां, गंगाधर व गणेश ने बताया कि सफाई कर्मी के न आने पर वे स्वयं नालियों की सफाई करने को मजबूर हैं। बीडीओ सकरन को सूचना देने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे साल भर से बंद हैं और तालाब भराई व फॉगिंग के नाम पर बजट का बंदरबांट किया जा रहा है। फर्जी रिबोर दिखाकर सरकारी धन निकाला जा रहा है, लेकिन मुख्य मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं है। थके-हारे ग्रामीणों ने अब जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाने का निर्णय लिया है।



मुख्य मार्ग पर भरा कीचड़।

### मामले की जांच कराई जाएगी

सफाईकर्मी को निर्देशित कर रास्ते का कीचड़ साफ करवाकर कार्ययोजना बनाकर सड़क निर्माण कराया जाएगा। - श्रीश गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी (सकरन)

# पेट्रोल-डीजल की मांग बढ़ने से बिगड़े हालात, पंपों पर लगी भीड़

## सुबह से पेट्रोल पंपों पर उमड़ने लगे लोग, कई जगह कर्मियों से हुआ विवाद

## कोई वाहन तो कोई केन लेकर पहुंच रहा पेट्रोल पंप



शहर स्थित पेट्रोल पंप पर लगी वाहन चालकों की भीड़। अमृत विचार



पेट्रोल पंप पर निरीक्षण करते एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा और जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ईरान युद्ध का असर अब पेट्रोलियम उत्पादों पर पड़ने लगा है। अभी तक गैस के लिए लोगों को लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। वहीं अब पेट्रोल पंपों पर वाहन लेकर लोग पहुंचने लगे हैं। हाल यह है कि गुरुवार को सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की भीड़ उमड़ने लगी। ऐसे में दोपहर तक रोजाना के मुकाबले खपत दो से तीन गुना तक बढ़ गई। इससे शाम तक कई पंपों पर स्टॉक खाली हो गया। इस दौरान कई जगह कर्मचारियों की वाहन चालकों को कहासुनी भी हुई।

जिले में विभिन्न कंपनियों के करीब 130 पेट्रोल पंप हैं। ईरान युद्ध के बाद से अफवाहों का दौर बढ़ता जा रहा है। सरकार की ओर से जहां पर्याप्त पेट्रोलियम उत्पाद होने की बात बताई जा रही है। वहीं अफवाहों के कारण लोग पैनिक होने लगे हैं। यही वजह है कि पिछले चौबीस घंटे में तीन गुना से अधिक मांग होने के कारण पेट्रोल पंप संचालक भी हाथ खड़ा करने लगे हैं। इतना ही नहीं अफवाहों के कारण तेल स्टॉक करने के लिए बड़े-बड़े डिब्बे, अतिरिक्त टंकियां और ट्रॉली लेकर पंपों पर पहुंच रहे हैं। नायरा पेट्रोलियम ने पेट्रोल 5.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। सबसे अधिक चिंता पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मियों को सुरक्षा को लेकर होने लगी है। कई जगह कहासुनी होने के साथ धक्का-मुक्की तक हो गई। माहौल बिगड़ता देख एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने कई पंपों का निरीक्षण किया। साथ ही सभी को धैर्य बनाए रखने के लिए आश्वस्त किया।

**एडीएम और एएसपी ने पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण:** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा और जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एडीएम ने बताया कि जनपद में पेट्रोल व डीजल की कमी की अफवाह से पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ व वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं है। जिले में पेट्रोल-डीजल व गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एजेंसीवार नामित नोडल अधिकारी निरंतर उपलब्ध स्टॉक, डिमांड व डिमांड के सापेक्ष आपूर्ति की निगरानी कर रहे है। जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**पेट्रोल पम्पों पर उमड़ी भीड़, ईंधन का गहराया संकट, महराजगंज:** क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की कमी की अफवाह ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को कुसुढ़ी सागरपुर स्थित नायरा पेट्रोल पंप सहित क्षेत्र के अन्य पंपों पर सुबह से ही तेल लेने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालात यह रहे कि कई जगह शाम होते-होते 'ड्राई' की स्थिति पैदा हो गई। महंगाई के बावजूद कतारों में लोग खड़े रहे। नायरा कंपनी द्वारा डीजल की कीमतों में 3 रुपये और पेट्रोल में 5 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद ग्राहकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई। पंप के मैनेजर दिनेश सिंह ने बताया कि सुबह से ही लोग जरूरत से ज्यादा तेल का स्टॉक करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। पंप पर लाइन में लगे किसान भानू सिंह, रामप्रकाश, नमान सिंह, श्याम बहादुर, जगन्नाथ, रामसमुझ, बेचूलाल और शिवप्रसाद आदि ने बताया कि खेती-किसानी के कार्यों के लिए डीजल अनिवार्य है। एक किसान को एक बार में मात्र एक हजार का ही डीजल दिया जा रहा है। अफवाहों और स्टॉक खत्म होने की खबरों ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। फिलहाल क्षेत्र के अधिकांश पंपों पर डीजल न होने से सन्नाटा पसरा हुआ है।

### अनिश्चितता को लेकर स्टॉक जमा करने की होड़

पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह के कारण लोग भविष्य की अनिश्चितता से घबराकर स्टॉक करने लगे हैं। कई जगह पंप संचालकों ने सीमित मात्रा में ही तेल देना शुरू कर दिया है। हड़कंप के बीच जिला प्रशासन और तेल कंपनियां लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।



केन में पेट्रोल भरकर ले जाता युवक।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिगड़ने लगे हालात, पेट्रोल पंपों पर लगी कतार



सलोन स्थित पेट्रोल पंप में वाहन चालकों की लगी भीड़ और बना रहा अफरा-तफरी का माहौल। अमृत विचार

**सलोन (रायबरेली)।** नगर और ग्रामीणों क्षेत्रो के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। गुरुवार सुबह से ही कई पंपों पर वाहनों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस बीच कुछ पेट्रोल पंप बंद भी हो गए। हालांकि, पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उनके मुताबिक सप्लाई नियमित रूप से मिल रही है। सलोन कस्बे में गुरुवार सुबह पेट्रोल-डीजल खत्म होने का हल्ला मचा और पेट्रोल पंप पर देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में लंबी लाइन लग गई। इस बीच कुछ पेट्रोल पंप बंद भी हो गए।कस्बे के सलोन सर्विस स्टेशन पर पेट्रोल खत्म होने पर लोग बैरंग लौट आये। रमा पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल और डीजल के लिए लोग धक्का मुक्की करते नजर आए। जानकारी के मुताबिक चार पम्पो पर आपूर्ति खत्म होने के चलते अपवाहों ने विकराल रूप ले लिया।

### जियो पंप पर लिमिट तय होन से वाहन चालकों ने किया विरोध

जियो के पंप पर सुबह बाइक में सौ रुपये और कार में एक हजार रुपये का ही पेट्रोल देने का फरमान सुना दिया गया। शिकायत पर जिला पूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। यहां पर हालात बिगड़ने पर पुलिस तक को पहुंचना पड़ा। मौके पर पहुंचे अफसरों ने जांच करने के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**सरेनी:** गुरुवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज को लेकर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्नाव जिले के बिहार थाने के हाता सुमेरपुर गांव के रहने वाले राम सजीवन पुत्र दर्शन ने बेटी सोनम की शादी सरेनी थाने के बसावन खेड़ा मजरे मुराद मऊ गांव के रहने वाले अनुज पुत्र अज्ञात के साथ किया था। आरोप है कि शादी के एक साल के बाद से ससुरालीजनों द्वारा दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा था। उसका कहना है कि दामाद अनुज ने दोपहर को फोन कर बताया कि सोनम बीमार है आकर देख लो। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचा तो बेटी की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल रमेश चंद्र यादव का कहना है कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर तस्वीर साफ हो जाएगी। मृतका के पिता ने पति के खिलाफ तहरीर दी है। केस दर्ज किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बछरावां:** थाना क्षेत्र के शेखपुर समोधा निवासी सर्वेश पुत्र चतुरी लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए अपनी बाइक से लखनऊ से वापस अपने घर जा रहा था। रास्ते में दखिना टोल प्लाजा के निकट पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को एनएचएआई की एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां:** बछरावां थाना क्षेत्र के निवासी सर्वेश द्विवेदी पुत्र शिवशंकर द्विवेदी (45) थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैदपुर बेहटा गांव में स्थित कार्यालय से ड्यूटी समाप्त कर बुधवार की देर रात अपने घर वापस जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### विवाद में हुई मारपीट में युवक घायल

**बछरावां:** क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद में मारपीट हो गई। मुकेश ने बताया कि 25 मार्च को गांव में मुंडन कार्यक्रम में पहुंचे थे, तभी बाइक हटाने को लेकर कहासुनी हुई और विपक्षियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। अगले दिन फिर हमला करने का प्रयास किया गया, जिसमें बीच-बचाव करने आए लोग भी घायल हुए।

### आज निकाली जाएगी शोभायात्रा, तैयारी पूरी

**महराजगंज:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल नगर इकाई की बैठक आयोजित की गई। जिसमें यात्रा की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। व्यापार मण्डल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया कि शोभायात्रा शुक्रवार को स्थानीय ठाकुर द्वारा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ होगी। यह यात्रा कस्बे के रन्धावा रोड, दानेश्वर मार्ग, हैदरगढ़ रोड, बछरावां रोड सहित विभिन्न मार्गों व मोहल्लों से होकर गुजरेगी। इस मौके पर राजा श्रीवास्तव, बृजेश सोनी, अंजनी वैश्य, संतोष मौर्य, रंजीत कुमार, मुकेश गुप्ता आदि रहे।

### नवरात्र के अवसर पर बांटी गई जलेबी

**लालगंज।** ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले नवरात्र के अवसर पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान लोगों को प्रसाद स्वरूप जलेबी का वितरित की गई। सुशील शुक्ला ने बताया कि मिष्ठान वितरण से सामाजिक समरसता बढ़ती है और त्योहार की खुशी सभी वर्गों तक पहुंचती है। समाजसेवी देवी कुमार गुप्ता ने कहा कि रामनवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान श्रीराम के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर देवेश अग्निहोत्री, चंद्रशेखर शरण सिंह, रमाशंकर बाजपेई, शिवम गुप्ता, मोहम्मद याकूब, विजय सिंह, संजय सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा।



रामनवमी के अवसर पर जलेबी बांटते श्रद्धालु।

### मां दुर्गा की उपासना से मिलता है अभीष्ट फल

**लालगंज।** वर्तमान में क्षेत्र में धार्मिक उत्सवों का माहौल है। खासतौर से दुर्गा मंदिरों में विशेष चहल-पहल है और मां दुर्गा के पूजन अर्चन के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ रही है। श्री बाल्हेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज और संजू महाराज ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मां की आराधना का पर्व नवरात्रि का आरंभ होता है। नवरात्र शक्ति की उपासना का पर्व है। पंडित झिलमिल जी महाराज ने उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों के बाबत भी चर्चा करते हुए बताया कि आदिशक्ति मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की प्रेरणा से नवनिर्माण के 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने उन्नति की उड़ान भरी है। मुख्यमंत्री योगी जी की सरकार ने वंचितों को वरीयता दी है। वहीं पुजारी संजू महाराज ने यह भी कहा कि आदिशक्ति से प्रार्थना है कि वे इसके लिए हम सभी को शक्ति दें एवं नवचेतना का संचार करें।



पंडित झिलमिल।



संजू महाराज।

### मां मन्कामेश्वरी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सलोन।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर गुरुवार को सलोन कस्बा स्थित पौराणिक मां मन्कामेश्वरी माता मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। सलोन एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने माता की प्रतिमा पर चुनरी उड़ाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह कपड़ा व्यवसाई कमलेश रस्तोगी, ओमकार रस्तोगी, बीजेपी नेता सिद्धार्थ पासी, रश्मि पासी, अर्चित रस्तोगी, गंगाराम साहू, फूल चन्द्र गुप्ता आदि श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरित किया।

# दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु।



लालगंज में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

आस्था

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शक्ति साधना के पावन पर्व नवरात्रि पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। जगतपुर क्षेत्र के शंकरपुर स्थित प्रसिद्ध माता दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ उमड़ी। भक्तों ने वैदिक विधि-विधान से हवन-पूजन कर अष्टम महागौरी से सुख-समृद्धि की याचना की। हवन पूजन में प्रयोग की गई समिधा से वातावतरण सुवासित हो गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पहले मां के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के पुजारी शिव बहादुर बाजपेई की ओर से सामूहिक हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी। मंदिर परिसर "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर राकेश सिंह राना आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

**रामनवमी पर जगह-जगह से निकाली गई शोभायात्रा, लालगंज:** विश्व हिंदू परिषद लालगंज इकाई के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा लालगंज के रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। डीजे पर भक्तिमय गीतों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु "जय श्रीराम" के जयकारे लगाते चल रहे थे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल शोभायात्रा के साथ चला। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी और जिलाध्यक्ष अजय बाबू पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि शोभायात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी को राम के आदर्शों से जोड़ना है। इस दौरान जिला प्रचारक अजीत, दिब्यानंद जी, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे, सभासद कैलाश बाजपेई आदि रहे।

**शोभायात्रा में जमकर लगे जय श्रीराम के जयकारे, रायबरेली:** परशदेपुर कस्बे में गुरुवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महावीरन भीटा के हनुमान मंदिर में प्रतीक रूप में विराजमान भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी आदि की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यहां ओम प्रकाश मौर्य, महेश विश्वकर्मा, रामकरन पाल, घनश्याम मिश्रा, संजय पांडेय, कुंवर प्रताप सिंह, शत्रोहन मिश्रा, संदीप मोदनवाल, प्रभाकर मिश्रा, मनीष मोदनवाल, बच्चा द्विवेदी, रिंकू मिश्रा शामिल रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रायबरेली

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रदेश स्तरीय सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला में जिले की टीम को दूसरा स्थान मिला है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में 24 व 25 मार्च को प्रदेश स्तरीय सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला का आयोजन परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। इसमें प्रत्येक जनपद से दो स्काउटर तथा गाइडर ने प्रतिभाग किया। सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला का शुभारंभ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागी हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में जनपदों में होंगे। जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि सभी लोग इस जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत विशेष प्रयास करके दुर्घटना में पचास प्रतिशत की कमी लाएंगे। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर पोस्टर विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसमें रायबरेली को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। रायबरेली की ओर से लीडर ट्रेनर के रूप में शिव शरण सिंह, लक्ष्मी सिंह सहायक लीडर के रूप में रेनू तथा रोवर हरिओम ने प्रतिभाग किया। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि प्रदेश में स्काउट्स और गाइड्स प्रदेश के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने कहा कि हम दुर्घटना में कमी लाने में सफल हो सकेंगे। यहां प्रदेशिक संगठन कमिश्नर नौशाद अली, रविंद्रर सोखी, पूनम संधू रहीं।




विजेता को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

### बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल पर न्यायालय का डंडा, संचालक पर केस दर्ज

**महराजगंज:** क्षेत्र के हलोर स्थित 'मन हॉस्पिटल एवं मेडिकल स्टोर' के संचालक पर न्यायालय के आदेश के बाद गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि बिना पंजीकरण और किसी कुशल सर्जन के एक महिला के आपरेशन के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए गए। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रीवा गांव निवासी कुसुमा पत्नी हीरालाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मार्च 2024 में पेट दर्द की शिकायत होने पर उन्हें मन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हॉस्पिटल की ही पैथोलॉजी रिपोर्ट में गालब्लैडर की पथरी और गांठ बताकर 27 मार्च को उनका ऑपरेशन कर दिया गया। पीड़िता को 13 अप्रैल तक अस्पताल में रखा गया और इलाज के नाम पर किस्तों में कुल एक लाख 20 हजार रुपये जमा कराए गए।ऑपरेशन के बाद पीड़िता की हालत सुधरने के बजाय और बिगड़ गई। ऑपरेशन वाली जगह से पस आने लगा। तब पति हीरालाल ने घबराकर अस्पताल से डिस्चार्ज और जमा पैसों की रसीद मांगी, तो संचालक आशुतोष त्रिपाठी आगबबूला हो गया। आरोप है कि संचालक ने रसीद देने के बजाय जातिसूचक गालियां, धक्का-मुक्की कर जानमाल की धमकी देते हुए उन्हें अस्पताल से बाहर निकाल दिया। पीड़िता के पति ने जब अपने स्तर से पड़ताल की, तो पता चला कि 'मन हॉस्पिटल' स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत नहीं है। स्थानीय थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिवगढ़ पुलिस को तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अस्पताल संचालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है। वहीं महराजगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने बताया जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### ऊंचाहार का दरोगा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त : रंजना चौधरी

**ऊंचाहार :** जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने ऊंचाहार कोतवाली में तैनात एक दरोगा पर बड़ा सनसनीखेज आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत में कहा है कि यह दारोगा अवैध वसूली, हरे पेड़ कटवाना और क्षेत्र में गांजा व्यापार को छूट दे रखी है। ऊंचाहार कोतवाली के बीट संख्या चार में तैनात दारोगा के बारे में जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि दरोगा द्वारा आए दिन अवैध वसूली, हरे पेड़ कटवाना और इनके संरक्षण में गांजा के अवैध व्यापार जोरों पर है। उन्होंने लिखा है कि दलितों के प्रति इनकी भाषा शैली अशोभनीय है। जिसकी आए दिन शिकायतें मिल रही है। उन्होंने दारोगा पर शस्त्र लाइसेंस में रिपोर्ट लगाने के लिए पांच-पांच हजार रुपए रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने एक दलित के प्रकरण का जिक्र करते हुए लिखा है कि इस बारे में उन्हें पूरी जानकारी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से दारोगा के विरुद्ध जांच कराने और उसे दंडित करने की मांग की है। उधर सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी का कहना है कि शिकायत की उन्हें जानकारी नहीं है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बछरावां :** थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 25 मार्च को पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत 26 मार्च को पुलिस टीम ने नामजद अभियुक्त सलीम पुत्र चांद खान निवासी कसरावा को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

आक्रोश

पीसीएफ केंद्र रानीखेड़ा शिवगढ़ को बन्द किए जाने की जानकारी मिलने पर प्रदर्शन कर जताया विरोध

# किसानों का फूटा गुस्सा, पीसीएफ विभाग मुर्दाबाद के लगे नारे

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा में पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र रानीखेड़ा शिवगढ़ बन्द किए जाने की सूचना से किसानों का गुस्सा फूड पड़ा।

गुरुवार को आक्रोशित किसानों ने पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र रानीखेड़ा शिवगढ़ के बाहर खड़े होकर पीसीएफ विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में शामिल किसान मोर्चा जिला मंत्री अखिलेश पटेल, राम सुमिरन, मोहित श्रीवास्तव, परमेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, डॉ. राम प्रसाद, रमाकान्त, दिनेश यादव, सुरेंद्र सिंह, रामसागर, बुद्धू आदि किसानों का कहना है कि पीसीएफ विभाग द्वारा पीसीएफ केंद्र रानीखेड़ा शिवगढ़ को बन्द किए जाने की जानकारी मिली है। आक्रोशित किसानों का कहना है कि यदि पीसीएफ केंद्र रानीखेड़ा शिवगढ़ को बन्द किया गया तो आन्दोलन एवं धरना प्रदर्शन करने के साथ ही जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत की जाएगी। अखिलेश पटेल ने बताया कि दर्जनों किसानों के सामने विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि किराए की बिल्डिंग में केंद्र चल रहा है जब तक निजी बिल्डिंग नहीं हो जाती तब तक के लिए बन्द किया जाएगा। इस संबंध में पीसीएफ के जिला प्रबंधक अंकुर का कहना था कि यह अफवाह है, पीसीएफ केंद्र रानीखेड़ा बन्द किया जाए अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

**बिजली की शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, ग्रामीणों ने उपकेन्द्र का किया घेराव, खीरों:** किसानों के खेतों में गुरुवार को सुबह शार्ट सर्किट से आग लगने से आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा का घेराव कर नारेबाजी की। आग से चारों किसानों की लगभग एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने उपकेन्द्र कलुआखेड़ा को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई और काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गुरुवार को सुबह अचानक लाइन में स्पार्किंग होने से निकली चिंगारी से शिवपुरी निवासी किसान दुर्गेश निर्मल, मुकेश निर्मल, राजेश निर्मल और राकेश निर्मल के खेतों में खड़ी गेहूं की लगभग एक बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने उपकेन्द्र कलुआखेड़ा को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई और काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया जिससे अधिक नुकसान होने से बच गया। उपकेन्द्र के घेराव की सूचना मिलते ही अवर अभियंता विजय बहादुर सिंह ने पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को आश्वासन देकर शान्त कराया और कर्मचारियों के साथ ऐन्धी फीडर की पुरानी लाइन को बंद कर नई लाइन से जोड़कर आपूर्ति बहाल करने का काम शुरू कर दिया। अवर अभियंता विजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुरानी लाइन बंद कर नई लाइन चालूकर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार की शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।




पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र रानीखेड़ा में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार



उपकेन्द्र कलुआखेड़ा का घेराव कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### 1.02 किलो गांजा समेत आरोपी गिरफ्तार

**संग्रामपुर (अमेठी) :** नशा मुक्त अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने क्षेत्र के रामगढ़ निवासी दद्दन सिंह पुत्र रमाकांत सिंह को गिरफ्तार किया ।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के पास से एक झोले में रखी 300 पुड़ियों में कुल 1 किलो 20 ग्राम करीब 1020 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी क्षेत्र में गांजा बेचने का कार्य कर रहा था ।थाना प्रभारी ने बताया कि समाज को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पशु चिकित्सालय के भवन में लगी आग

**संग्रामपुर (अमेठी) :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में सोमवार दोपहर एक जर्जर भवन में अज्ञात कारणों से आग लग गई। समय रहते सूचना मिलने और दमकल टीम की सक्रियता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया ।जानकारी के अनुसार, कालिकन ब्लॉक मुख्यालय के उत्तर दिशा में स्थित पशु चिकित्सालय परिसर के एक जर्जर भवन से धुआं उठता देख टिकरिया निवासी सुदामा कश्यप ने तत्काल इसकी सूचना पैरावेट विकास सिंह को मोबाइल फोन के माध्यम से दी। सूचना मिलते ही विकास सिंह मौके पर पहुंचे और गेट का ताला खोलकर दमकल टीम को अंदर प्रवेश कराया ।मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए पानी की तेज बौछार कर आग पर काबू पाया। दमकल वाहन चालक राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि सिपाही शिव बहादुर सिंह एवं उमेश कुमार के संयुक्त प्रयास से आग को तेजी से बुझाया गया ।विकास सिंह ने बताया कि उन्हें सुदामा कश्यप एवं वीर बहादुर सिंह उर्फ भोले सिंह द्वारा सूचना दी गई थी।

### अश्लील हरकत करते तीन लोगों को पकड़ा

**सिंहपुर (अमेठी) :** इन्हौना थाने के उपनिरीक्षक कृष्ण मोहन मिश्रा अपने हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर इंहौना कस्बे के दोसड़का के पास अहोरवा भवानी रोड पर तीन लोगों को आने जाने वाली महिलाओं व बालिकाओं से अश्लील हरकत व छीटाकसी करते हुए गिरफ्तार किया है। एसओ विवेक सिंह ने बताया कि सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### विवादित जमीन पर कब्जे का आरोप

**सिंहपुर (अमेठी) :** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतगवां में एक भूमि विवाद मे पीड़ित ने पुलिस पर जबरन कब्ज़ा करवाने का आरोप लगाते हुए जूतों से मारने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के किशुनपुर मजरे सतगवां निवासी छेददन ने शिवरतनगंज थाने के सिपाही राजकुमार यादव व आलेन्द्र कुमार पर घर के सामने आबादी की सहन पर लगे आम के हरे पेड़ कटवा कर जबरन कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित छेददन ने बतायाकि मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आम व नीम के हरे पेड़ को कटवा कर जबरन कब्ज़ा करवाने का प्रयास किया। संबंधित भूमि विवाद उप जिलाधिकारी तिलोई न्यायालय में मुकदमा 6 जुलाई 2015 से विचाराधीन है। इसके साथ ही सिविल कोर्ट रायबरेली की कोर्ट संख्या 19 में भी यह मामला लंबित है।

# पेट्रोल पंपों पर लगी लोगों की लंबी कतारें

## मची रही अफरा-तफरीः तेल न मिलने की अफवाहों के चलते लोग वाहनों की पूरी टंकी भरवाने में लगे रहे

संवाददाता, अमेठी


पंप पर पेट्रोल लेने के लिए लगी लोगों की लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग अपने वाहनों की टंकी को पूरा भरवाने की होड़ में लगे हैं।

जानकारी के मुताबिक यह स्थिति अफवाहों के कारण बनी है, जबकि देश भर में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसके बावजूद घबराहट की खरीदारी शुरू हो गई है। अमेठी जिले के सैकड़ों पेट्रोल पंपों पर ईंधन भरवाने के लिए लंबी कतारें लगी हैं। यहां तक कि लोग प्लास्टिक के डिब्बे, पानी की टंकी और छोटी-बड़ी बोतलों में भी ईंधन भरवा रहे हैं। वहीं पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ के चलते मची अफरा-तफरी के जिला प्रशासन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा

जिले के संग्रामपुर क्षेत्र के किठावर मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ देखने को मिली। यही स्थिति अमेठी तहसील के तहत लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर है। वाहन चालक ईंधन टंकी भरने के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। डीजल के लिए भी ट्रैक्टर, ट्रक और बड़े वाहन पेट्रोल पंपों पर कतार में लगे हैं। इस अचानक हुई घबराहट से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तेल कंपनियों ने बार-बार यह दोहराया है कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आपूर्ति श्रृंखला सामान्य रूप से काम कर रही है। किसी भी प्रकार की कमी की कोई संभावना नहीं है। लोगों को इन निराधार अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। सरकार ने भी स्थिति सामान्य होने का आश्वासन दिया है। पेट्रोल पंपों पर यह भीड़ केवल निराधार अफवाहों के कारण है। लोग भविष्य में ईंधन की कमी की आशंका से अधिक खरीदारी कर रहे हैं। अपनी ईंधन टंकी को पूरा भरवाने की होड़ मची हुई है। इस घबराहट की खरीदारी से अनावश्यक दबाव बन रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से संयम बरतने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

**पेट्रोल पंप पर लटका तेल नहीं का बोर्ड, लोगों की बढ़ी चिंता, अमेठीः** मुंशीगंज रोड स्थित पेट्रोल पंप पर इन दिनों 'पेट्रोल नहीं है' का बोर्ड लगा हुआ है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल लेने पहुंचे लोगों ने बताया कि अचानक तेल खत्म हो जाने से उनका रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हो रहा है। पंप पर आए लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर कहीं जरूरी काम से जाना पड़े तो पेट्रोल न मिलने की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोग बिना काम किए ही वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों ने बताया कि पेट्रोल न मिलने से समय पर दफ्तर पहुंचना मुश्किल हो गया है। न तो सार्वजनिक साधन आसानी से मिल पा रहे हैं और न ही अपने वाहन से जा पा रहे हैं, जिससे नौकरी पर भी असर पड़ने का डर बना हुआ है। गांव से पेट्रोल भरवाने आए अंकित मिश्रा ने बताया कि उनकी गाड़ी में इतना पेट्रोल नहीं बचा है कि वे घर तक पहुंच सकें। ऐसे में उन्हें गाड़ी पैदल ही ले जानी पड़ेगी, जो काफी परेशानी भरा है।

### पेट्रोल लेने को लेकर ग्रामीणों व पम्प कर्मचारी की बीच हुई मारपीट, पुलिस से हुई झड़प

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भेलाई कला में जगदीशपुर रोड पर स्थित सुन्दरी नारायण फिलिंग स्टेशन इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में लम्बी कतार लगी हुई थी पेट्रोल भरने के लिए उसी में गांव पूरे जमाल मजरे भेलाई कला निवासी अब्बू सैफ नामक युवक पेट्रोल लेने के लिए लाइन में लगा था वह करीब 25 लीटर पेट्रोल लेना चाहता था जिसको पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने पांच लीटर ही दिया। उसी समय अपने पहचान के लोगों को उनके जरूरत अनुसार ले रहे थे। पंप कर्मचारियों का यह दोगला व्यवहार देखकर वह युवक गुस्सा हो गया। और कर्मचारी को इस तरह न देने का विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। और देखते देखते ही दोनों में गाली गलौज व मारपीट होने लगी। जब लोगों ने इसका विरोध किया तो वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। और तेल लेने आए युवक की तरफ से सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। जिसकी सूचना मौजूद लोगों ने मोहनगंज पुलिस को दिया। युवक की तरफ से आए लोगों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों को मारने दौड़ पड़े। वहीं मौजूद पुलिस की सतर्कता से युवक को बचाया गया। मौके से पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि हल्का इंचार्ज शैय्याम बाबू खां के तहरीर पर पांच नामजद तथा 25 अज्ञात के सरकारी काम में बाधा सहित एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।


पुलिस की गाड़ी को घेरे खड़े ग्रामीण।

# एटीएम तोड़कर लूट की कोशिश करने के वाले तीन शातिर गिरफ्तार


पुलिस के गिरफ्त में लुटेरे। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गौरीगंज थाना क्षेत्र के ऐंधी गांव में एटीएम मशीन तोड़कर लूट का प्रयास करने वाले तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लोहे की पाइप, हथौड़ी और दो सीसीटीवी कैमरे बरामद किए गए हैं। मामले का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने 15 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

दरअसल मंगलवार की रात बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा ऐंधी में लगे एटीएम मशीन और सीसीटीवी कैमरों में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया था। घटना के बाद बैंक मैनेजर जितेंद्र कुमार पुत्र सोनकर बाबू निवासी बन्नाटीकर, थाना गौरीगंज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के खुलासे के लिए गौरीगंज पुलिस और स्वाट टीम अमेठी की संयुक्त टीम सक्रिय हो गई। देर रात बाबूगंज बाजार में "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे बाइक मोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोनू गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता और कपिल गुप्ता निवासी रायबरेली तथा करन पासवान पुत्र रामसरन निवासी बनी स्टेशन के पास, ऐंधी थाना गौरीगंज के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 25 मार्च की रात तीनों ने स्टॉल ओढ़कर अपनी पहचान छिपाई और ऐंधी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को तोड़कर उसमें रखे रुपये निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस वाहन के आने की आहट मिलते ही वे मशीन खोल नहीं सके और मौके से फरार हो गए।

# अवैध असलहों के साथ चार लोग गिरफ्तार

जायस (अमेठी)

**अमृत विचार।** जनपद के जायस कोतवाली अंतर्गत आपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चार युवकों को अवैध असलहों समेत गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली जायस पुलिस द्वारा नौगजी चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद वैगन आर में चार संदिग्ध लड़के घूम रहे जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने सभी चक्रव्यूह टीमों को एलर्ट करते हुए कार का पीछा करते हुए जायस नसीराबाद रोड़ पर पूरे गंगाराम मोड़ के पास रोक लिया गया जिसमें चार युवक सवार थे। जिसमें अरबाज पुत्र सूबेदार गूजर निवासी अरशदपुर थाना जायस जनपद अमेठी उसकी तलाशी लेने पर 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर हर्षित अग्रवाल पुत्र राजेश कुमार निवासी शेखाना जायस जिसमें पास 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। अक्षय कुमार पुत्र कल्लू निवासी पूरे बक्शी थाना जायस से 1 अदद तमंचा एवं 2 जिन्दा 12 बोर कारतूस तथा शुभम् सोनकर पुत्र रामकुमार सोनकर निवासी कासिमपुर थाना जायस से 1अदद तमंचा 315बोर एवं 1जिन्दा कारतूस तथा कार की तलाशी लेने पर 1 प्लास्टिक का रस्सा 1 लोहे की रॉड 1 लोहे की सरिया 2 आरी पेचकश पाना रिंच व टॉर्च बरामद की गयी। पूछताछ में चारों अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग चोरी करते है। गुरुवार को मौका देखकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह. उनि. सतीश कुमार दीक्षित, सर्वेश कुमार आदि लोग थे।

# खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में वार्षिक अंतःविषय उत्सव स्पेक्ट्रम 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन संस्थान के खेल, साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक अनूठा संगम है, जिसमें निफ्ट रायबरेली के विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास के अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वर्ष के स्पेक्ट्रम की थीम ताना-बाना रखी गई है, जो विशेष रूप से डिजाइनरों और हथकरघा कारीगरों के बीच के गहरे संबंध और उनके कौशल को सम्मान देने का एक प्रयास है।

कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो. जोनाली बाजपेई ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उनके साथ संयुक्त निदेशक अमिताव चौधरी, कैंपस एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव और एसडीएसी प्रियान्शु श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।


स्पेक्ट्रम 2026 में शतरंज खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**आयोजन**

निदेशक ने कहा कि यह मंच केवल प्रतियोगिता के लिए नहीं बल्कि सीखने और हमारी सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए है। उन्होंने ताना-बाना थीम के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि कैसे एक डिजाइनर और एक बुनकर मिलकर भारतीय वस्त्र उद्योग की नींव को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उत्सव के पहले दिन विभिन्न खेल और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वॉलीबॉल की मिश्रित श्रेणी में टीम स्याही ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं शतरंज की प्रतियोगिता में टीम स्याही के ही संस्कार विजेता रहे। कलात्मक क्षेत्र में आयोजित ग्रेफिटी प्रतियोगिता में नैनो नानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और परिसर पूरी तरह से ऊर्जा और रचनात्मकता से भरा नजर आया।

### जवाहर पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अमेठी, अमृत विचार।** कस्बे के सुल्तानपुर रोड स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के सामने स्थित जवाहर पब्लिक स्कूल में बुधवार को तीसरा वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश त्रिपाठी एवं खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि एआरपी भानु प्रताप शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप के साथ पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात स्वागत गीत के उपरांत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। देवा श्री गणेशा, मैया यशोदा जैसे मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के डायरेक्टर जवाहरलाल मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिससे बच्चों को अतिरिक्त ट्यूशन की आवश्यकता न पड़े और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।


बच्चों को प्रमाण-पत्र देते मुख्य अतिथि।

### सुखदेव जन्म की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** क्षेत्र के पूरे अवस्थी में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत के तीसरे दिन पं. गोविन्द शास्त्री जी महराज ने अपनी अमृतमई वाणी श्रद्धालुओं को कथा का रसास्वादन कराया। उन्होंने बताया कि परीक्षित जी महाराज राजा हुए तो एक बार वे आखेट के लिए जब जंगल पहुंचे तो उन्हे एक गाय टकराते हुए मिली, यहां गाय का पर्याय पृथ्वी से है, पीछे से तीन पैर जिसके टूटे हुए हैं बैल अर्थात धर्म एक पैर पर चलकर लंगड़ाते हुए आता दिखाई पड़ा। कथा व्यास ने कहाकि कलयुग ने आते ही जिस धर्म की तीन टांगों को तोड़ दिया वह धर्म आज भी एक टांग पर खड़ा हुआ है क्योंकि यह पृथ्वी परीक्षित जैसे श्रोताओं तथा श्रीमद्भागवत कथा के आयोजकों एवं श्रवण मनन करने वालों से भरी पड़ी है। इस मौके पर यजमान शिवशंकर अवस्थी, अजय कुमार अवस्थी, संजय कुमार अवस्थी, संयोग अवस्थी, चंद्र मोहन दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवक की मौत के मामले में केस दर्ज

**महराजगंज (रायबरेली)।** महराजगंज से इन्हौंना मार्ग स्थित पूरे औसेरी मजरे मोन गांव के पास मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल वाहन की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना 22 फरवरी की है। महाबलगंज मजरे सिकंदर पुर निवासी पवन कुमार अपनी बाइक से देर शाम घर जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें इलाज के लिए ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी सविता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। घटना में शामिल वाहन व चालक की तलाश जारी है।

### सम्राट अशोक ने अहिंसा और प्रेम का दिया संदेश

**संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि यह दिन न्याय, शांति एवं धम्म विजय के प्रतीक सम्राट अशोक को याद करने के लिए समर्पित है। कलिंग युद्ध के उपरांत सम्राट अशोक ने तलवार त्यागकर "धम्म विजय" प्रेम से विजय को अपनाया। उनके विचार धम्म नीति के माध्यम से प्रचलित हुए जो अहिंसा, प्रेम, धार्मिक सहिष्णुता एवं जनकल्याण पर आधारित थे। प्रदेश सचिव डा.शशिकांत शर्मा ने कहा कि तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शासक अशोक द्वारा निर्मित स्तंभ बौद्ध धर्म एवं मौर्य साम्राज्य की शक्ति को दर्शाता है। जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा कि अशोक सम्राट के चार शेर शक्ति, साहस, आत्मविश्वास एवं गौरव को दर्शाते हैं। दिनेश यादव, मो.अरशद खान, सुरजीत सिंह, प्रदीप तिवारी, गंगासागर यादव, अमर सिंह, मो.मुशीर, नरेंद्र यादव, आलोक यादव, चंद्र प्रकाश आज़ाद आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन झूमे श्रद्धालु

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** नगर पंचायत के सरांय छात्रधारी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। प्रसिद्ध कथा व्यास पं. देवेन्द्र अवस्थी जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, भगवान के वामन अवतार एवं भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का बड़ा ही सुन्दर मनमोहक वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए कथा पण्डाल भक्तिमय वातावरण में डूब गया। समाजसेवी अंजनी दीक्षित ने कथा व्यास को सम्मानित करने के साथ ही चौथे दिन विशेष योगदान दिया। इस मौके आयोजक सदाशिव कश्यप, शिव भोला कश्यप, यजमान राम नारायण कश्यप, ईश्वरदीन कश्यप, राधेश्याम कश्यप, रमेश कश्यप, दुलारे कश्यप, अखिलेश मिश्रा, समाजसेवी अंजनी दीक्षित, समाजसेविका उर्मिला दीक्षित, महन्त गुरु प्रसाद नगगू सैनी, कलावती मिश्रा, राकेश त्रिवेदी, शिव देवी शर्मा, राहुल शर्मा, गुंजन त्रिवेदी व तुषार उर्फ कल्लू कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जागरूकता को लेकर निकाली बाइक रैली

**लालगंज।** योगी सरकार के निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पुलिस विभाग ने बाइक रैली निकाली। पुलिस की बाइक रैली लालगंज नगर के मेंन रोड सहित अन्य मार्गों पर निकाली गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का भाव जगाना और अपराधियों में भय पैदा करना है।

# मां महागौरी का पूजन कर हुआ कन्या भोज और भंडारे का आयोजन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गुरुवार को महाअष्टमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने सुबह से ही स्नान-ध्यान कर विधि-विधान से हवन भी किया। भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से मां की अराधना की। उन्होंने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना भी की।

इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में जगह-जगह कन्या भोज और भंडारे आयोजित किए गए। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। देवीपाटन मंदिर अमेठी में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां भगवती के दर्शन के लिए भक्तगण दूर-दूर से पहुंचे थे। कलिकान धाम संग्रामपुर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। दुर्गन भवानी मंदिर गौरीगंज में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। वहीं सोमपुर मनकंठ के पकड़ी महरानी में अष्टमी तिथि पर विशेष आयोजन हुआ। अरविंद श्रीवास्तव ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया। उधर टिकरी में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने श्रद्धालुओं मे प्रसाद वितरण किया।


प्रसाद वितरण करते जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**अष्टमी पर अहोरवा भवानी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, सिंहपुरः** नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन बृहस्पतिवार को माँ अहोरवा भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह होते ही मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें लग गईं। भक्तजन "जय माता दी" के जयकारों के साथ पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना करते नजर आए। मंदिर को फूलों व रंगीन रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस दौरान अयोध्या से बृजकिशोर द्विवेदी, नीरज द्विवेदी, शिवम, नितिन और नितीश, बाराबंकी से मिथलेश दीक्षित, विशाल, विवेक तथा रायबरेली से सतीश शुक्ला और राहुल अवस्थी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए।

**आक्रोश** कार्यकर्ताओं ने सेना भर्ती कार्यालय का स्थानांतरण तत्काल रोकने की मांग की

# सेना भर्ती कार्यालय स्थानांतरण के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों युवा सड़कों पर उतरे। उन्होंने सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के प्रस्तावित स्थानांतरण का जोरदार विरोध किया। युवाओं ने भर्ती कार्यालय पहुंचकर उच्च सेना अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने सेना प्रमुख से अमेठी से सेना भर्ती कार्यालय का स्थानांतरण तत्काल रोकने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष लोहा सिंह, रवि मौर्या और दुर्गेश प्रताप सिंह सहित कई युवा साथी उपस्थित रहे। शुभम सिंह ने कहा कि यदि यह कार्यालय अमेठी से जाता है, तो करीब तेरह जिलों के युवाओं को भर्ती के लिए अयोध्या जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अमेठी के युवाओं को पहले विशेष सुविधाएं मिलती थीं। वे खुली भर्ती में बढ़-चढ़कर भागीदारी करते थे। इसी कार्यालय से जुड़े अनेक युवा आज सेना में भर्ती होकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेना भर्ती कार्यालय अमेठी का स्थानांतरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्यालय को यहां से जाने नहीं दिया जाएगा। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने अमेठी के युवाओं के हित में स्थानांतरण रोकने की मांग उठाई है। सांसद ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। यह प्रयास युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।


शहर में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार


एनटीपीसी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते मजदूर। अमृत विचार

**चार माह से वेतन न मिलने पर एनटीपीसी मजदूरों का टूटा सब्र, ऊंचाहार (रायबरेली):** एनटीपीसी के ठेकेदार द्वारा करीब सवा सौ दिहाड़ी मजदूरों को विगत चार से मजदूरी नहीं दी गई। मजदूरों ने जब मजदूरी मांगी तो उन्हें गेट पर प्रवेश से रोक दिया गया। जिसके बाद मजदूरों के सब्र पैमाना छलक गया और उन्होंने उग्र प्रदर्शन करके अपना विरोध जताया है। ज्ञात को कि एनटीपीसी के एक ठेकेदार पर श्रमिकों ने गंभीर आरोप लगाया है ।इस ठेकेदार का काम एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर चल रहा है इस ठेकेदार के अधीन करीब सवा सौ दिहाड़ी मजदूर काम करते हैं। इनका कहना है कि उन्हें बीते नवंबर माह से वेतन नहीं दिया गया है। जिसके कारण मजदूर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मजदूरों ने जब मजदूरी मांगी तो गुरुवार को उन्हें परियोजना के मुख्य गेट पर अंदर प्रवेश से रोक दिया गया और कहा गया कि तुम्हें जहां-जहां जाना हो जाओ, मजदूरी नहीं मिलेगी। इसके बाद मजदूर का आक्रोश बढ़ गया और परियोजना गेट पर ही ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। काफी देर तक चले हंगामे के बाद मजदूरों ने मामले की शिकायत स्थानीय कोतवाली में की है।

